तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**बिलासपुर।** हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति ने आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए प्री-सिटिंग बुलाई हैं। ये बैठकें मुख्य रूप से बीमा कंपनी और सेवा से संबंधित मामलों के लिए होंगी। बैठकों का उद्देश्य बीमा कंपनियों/विभागीय प्राधिकारियों, संबंधित पक्षकारों के अधिवक्ताओं और पक्षकारों के बीच पूर्व परिचर्चा करना है। बैठक में विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक 11 से 22 नवंबर तक हाई कोर्ट के लीगल एड एंड एडीआर भवन में होगी। अधिक जानकारी हाई कोर्ट के वेबसाइट से ली जा सकती है।

### 4 जिलों में 526 पुलिस पदों पर होगी सीधी भर्ती

**बिलासपुर।** बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली और जीपीएम जिलों के पुलिस बल में 526 विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है। आरक्षक चालक और आरक्षक ट्रेडमैन के रिक्त पदों के लिए 17 से 19 नवंबर तक ट्रेड टेस्ट आयोजित किया जाएगा। एसएसपी रजनेश सिंह ने भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता का दावा किया है, साथ ही अभ्यर्थियों को किसी भी झांसे में न आने की चेतावनी दी है। यह टेस्ट संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में 17 नवंबर से शुरू होगा। इसमें पूर्व में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण और लिखित परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। यह सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित की जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि भर्ती की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के झांसे, धोखाधड़ी या जालसाजी से बचने का आग्रह किया। किसी भी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बिलासपुर जिला पुलिस बल में कुल 140 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

### क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** पीएससी ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं काउंसलर-मनोविज्ञान विशेषज्ञ पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रैल से 27 मई तक मंगाए हैं। इनमें मनोरोग विशेषज्ञ के 6 पद, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट के 12 और काउंसलर के 2 पदों पर भर्ती होनी है। कुल 590 अभ्यर्थियों ने इसके लिए आवेदन किया है। इसकी काउंसिलिंग 8 नवंबर तक चलेगी। छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने राज्य सरकार पर गलत योग्यता मानदंड तय करने का आरोप लगाया है।

### दो फेरा लगाएगी दुर्ग-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** यात्रियों की सुविधा और कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन 08743/08744 दुर्ग-हरिद्वार और हरिद्वार से दुर्ग के बीच दो-दो फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरु किया है। यह गाड़ी दुर्ग स्टेशन से 08743 नंबर के साथ 9 नवम्बर को रवाना हो गई वहीं दूसरा फेरा 16 नवंबर को लगाएगी। वहीं हरिद्वार से 08744 नंबर के साथ ट्रेन 17 नवम्बर को चलाई जाएगी। गाड़ी 08743 दुर्ग से 11 बजे रवाना होकर रायपुर, भाटापारा होते हुए उसलापुर 13.45 बजे पहुंचने के बाद पेण्ड्रारोड, कटनी मुड़वारा, आगरा कैंट, निजामुद्दीन स्टेशन के उपरांत दूसरे दिन 15.40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वहीं वापसी में ट्रेन हरिद्वार से 21.00 बजे रवाना होकर दूसरे दिन उसलापुर रायपुर सुबह 3 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में दो एसएलआरडी, सात सामान्य कोच, आठ स्लीपर, एक एसी थ्री सह एसी टू सहित 18 कोच की सुविधा होगी।

# 12 एकड़ जमीन प्रशासन के कब्जे में, 90 साल पुराने 32 मकानों को तोड़ा गया, पूरा परिसर सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 महीने बाद एक बार फिर से 100 साल पुराने मिशन अस्पताल परिसर पर नगर निगम का बुलडोजर चल ही गया। मंगलवार को यहां रहे 32 परिवारों को दूसरी जगह पर शिफ्ट करते हुए सभी मकानों को तोड़ दिया गया है। इन मकानों का निर्माण 1935 से लेकर 1945 के बीच हुआ था।

कार्रवाई के दौरान यहां रह रहे लोगों ने विरोध किया और समय की मांग लेकिन प्रशासन की टीम नहीं मानी। कहा गया कि जगह खाली करने के लिए दो महीने पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। हाईकोर्ट ने भी जमीन अधिग्रहण को सही ठहराया है। निगम ने इसके बाद देर रात यहां के परिसर को खाली कराते हुए सील कर दिया है। पुलिस का पहरा बिठाते हुए पूरे क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि जनवरी 2025 में इस मिशन अस्पताल परिसर को खाली कराने की पहली कार्रवाई शुरू हुई थी। उस दौरान जिस भवन में अस्पताल लग रहा था उसे तोड़ा गया था। यह अस्पताल 1973 से संचालित था। इसके बाद निगम और जिला प्रशासन ने इन सभी बिल्डिंगों को जर्जर घोषित कर दिया था। मंगलवा को भी सुबह 7 बजे से तोड़फोड़ में जुटा अमला देर शाम तक कार्रवाई में लगा रहा। गौरतलब है कि क्रिश्चियन बोर्ड आफ वुमन बोर्ड की स्थापना 1885 में हुई थी। इसके बाद से अस्पताल संचालित हो रहा। फिलहाल जहां अस्पताल चल रहा है, वह बिल्डिंग 1973 में बनी है।

मिशन अस्पताल परिसर में पुलिस का पहरा बिठाते हुए पूरे क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित किया गया





### पूरा परिसर भयप्रद और संरक्षित घोषित

इस पूरी करीब 12 एकड़ जमीन लीज पर थी, जिसकी अवधि 2014 में खत्म हो गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण के लिए पेश किए गए आवेदन को नजूल न्यायालय ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया। मिशन प्रबंधन को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी। इसके बाद कमिश्नर कोर्ट ने भी प्रशासन के कब्जा आदेश को सही ठहराया था। ध्यान रहे कि मिशन अस्पताल का एक समय शहर की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र था। हालांकि, समय के साथ भवन की स्थिति बिगड़ती चली गई और इसे उपयोग के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया गया। वर्तमान में इस पूरी जमीन की कीमत करीब 100 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

### पुलिस और प्रशासन दिन भर अलर्ट पर

तोड़फोड़ से पहले ईदगाह चौक से लेकर लखीराम ऑडिटोरियम तक बैरिकेडिंग कर दी गई थी। दिन भर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अलर्ट पर रहे, जवानों की भारी तैनाती रही। किसी को भी परिसर के अंदर जाने की इजाजत नहीं थी। इस दौरान लोगों ने कहा उनका बचपन यहां बीता है। वे वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं और नियमित रूप से बिजली बिल, हाउस टैक्स आदि का भुगतान करते आ रहे हैं। इसके बाद भी घरों को तोड़ दिया गया है। लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी थी कि क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन्स (सीडब्ल्यूबीएम) की ओर कोई भी पदाधिकारी उनकी मदद के लिए मौजूद नहीं था।

**अब यह प्रोजेक्ट आ सकते हैं**

### 4 एकड़ में नालंदा परिसर

निगम इस 12 एकड़ जमीन पर सबसे बड़ा प्रोजेक्ट नालंदा परिसर बनाने वाला है। इसके लिए 4 एकड़ जमीन और जिला खनिज न्यास से 8 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की जा रही है।

### बड़ा गार्डन और दुकानें भी बनेंगी

निगम इस परिसर में एक बड़ा गार्डन बनाने की तैयारी में भी है। इसे ऑक्सीजोन की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही निगम व्यावसायिक काम्प्लेक्स और दुकानें भी बनाएगा। निगम यहां एक पार्किंग एरिया बनाने की भी प्लानिंग कर रहा है।

### लाल बिल्डिंग में बनेगा म्यूजियम

अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल चर्च और लाल बिल्डिंग को नहीं तोड़ा जाएगा। यहां म्यूजियम बनाया जाएगा। जिस जगह पर नर्सिंग हास्टल है उसे खाली करा दिया गया है। इस जगह को नए सिरे से संवारते हुए यहां नालंदा परिसर का हास्टल बनाया जा सकता है।

### परिसर को सील किया गया

हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर मिशन अस्पताल परिसर को सील करते हुए निगम प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया है। यहां रह रहे लोगों को दूसरी जगहों पर शिफ्ट किया गया है। इस जमीन के उपयोग के बारे में अंतिम फैसला लिया जा रहा है।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

## सर्वस्वदानी की ऐसी उपेक्षा : सामानों को निगम सुरक्षित नहीं रख सका

# पं. दीक्षित की 77 एकड़ जमीन पर कब्जा, इधर सुई-धागे से लेकर सभी सामानों की नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**अलग खबर**

शहर को बसाने में स्व. पंडित देवकीनंदन दीक्षित का बड़ा योगदान रहा है। आज भी बिलासपुर के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। इन्होंने अपनी पूरी जायदाद मतलब कि सर्वस्व दान कर दिया था। इसमें सीपत क्षेत्र के गांव कारी छापर में 76 एकड़ 87 जमीन के साथ ही अपनी वसीयत में सुई-धागे से लेकर जितनी भी चीजें उनके पास थी, उसे दान कर दिया था। हाल यह है कि सभी सामानों को निगम ने संरक्षित करने की जगह नीलामी कर दी तो गांव की अधिकांश जमीनों पर कब्जा हो गया है और उसमें से कुछ एकड़ जमीन तो बेच भी दी गई है। हालांकि लगातार शिकायतों के बाद निगम और प्रशासन ने सीमांकन तो कराया है लेकिन कब्जे नहीं हटे हैं।

पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने ग्राम पंचायत जुहली के आश्रित ग्राम कारिछापर स्थित अपने 76 एकड़ 87 डिसमिल भूमि को सन 1943 में तत्कालीन नगर पालिक निगम परिषद (वर्तमान में नगर निगम बिलासपुर) को दान कर दिया था। इस भूमि का हर 3 वर्ष में नगर निगम द्वारा धान की खेती करने के लिए इश्तहार प्रकाशन के बाद गांव में ही अमानत राशि जमा कराकर आम नीलामी करते आ रहा है लेकिन धीरे-धीरे नगर निगम के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना बंद कर दिया। नतीजा यह निकला कि उस 77 एकड़ जमीन के अधिकांश हिस्सों में ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया। कुछ लोगों ने मकान भी बना लिए हैं तो कुछ लोगों ने कब्जा कर दूसरों को जमीन बेंच दी है। जब पूरी संपत्ति दान की गई थी तो इसके बाद उस पूरी जमीन का मुखिया वर्तमान में नगर पालिक निगम बिलासपुर है लेकिन निगम के अधिकारियों ने तब से इस ओर ज्यादा ध्यान नही दिया। इस जमीन का उपयोग भी नहीं किया। यही कारण है कि दान की भूमि पर लोगों ने कब्जा कर लिया।

■ कारीछापर की जमीन पर ग्रामीणों ने कब्जा कर कई मकान भी बना लिए




### भावनाओं का सम्मान जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने आदेश में कहा है कि दान देने वालों की भावनाओं का पूरा सम्मान होना चाहिए। संपत्ति को संरक्षित और सुरक्षित करना आवश्यक है। बिलासपुर में लेकिन प्रशासन और निगम ने अपना सर्वस्व दान करने वाले पंडित देवकीनंदन दीक्षित की संपत्तियों को नहीं संभाला। ट्रस्ट का पुर्नगठन भी सालों से नहीं किया गया है। इस तरफ ध्यान देते हुए शहर के गणमान्य नागरिकों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

- **अनिल तिवारी**, समाज सेवी

### ट्रस्ट का पुर्नगठन होगा

शहर को बसाने में स्व. पंडित देवकीनंदन दीक्षित का बड़ा योगदान रहा है। शहर को बसाने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। उनकी संपत्ति को संरक्षित और सुरक्षित किया जाएगा। ट्रस्ट की स्थिति क्या है, इसकी जानकारी ली जाएगी। समाजसेवियों से बात करते हुए जरूरत पड़ी तो नए सिरे से इसका गठन करते हुए शहर के लोगों को शामिल किया जाएगा।

- **संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### अपना सबकुछ दान में दे दिया

पंडित दीक्षित ने शहरवासियों के लिए अपना सब कुछ दान कर दिया था। उन्होंने कन्या प्राथमिक शाला खपरगंज, देवकीनंदन दीक्षित कन्या शाला, हाईस्कूल तिलकनगर, औषधालय, सभागृह के साथ ही रेडक्रास के लिए 2700 वर्गफुट की जमीन के साथ सदर बाजार में एक बड़ी दुकान दान में दी। साथ ही सीपत के कारीछापर में 77 एकड़ जमीन दान में दी। इतना ही नहीं उन्होंने अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम, अपना घर, कपड़ा, बर्तन सहित सभी सामग्रियों को दान में दे दिया।

### स्कूल और अस्पताल लोगों के काम आ रहे

गौरतलब है कि आज शहर का सबसे बड़ा मुक्तिधाम पंडित देवकीनंदन दीक्षित के दान किए जमीन पर बनाया गया है। वहीं, स्कूल और अस्पताल लोगों के काम आ रहा है। गौरतलब है कि पंडित देवकीनंदन दीक्षित बिलासपुर जिले के कारीछापर गांव के मालगुजार थे। उनका चार भाई और दो बहन का परिवार था। पंडित देवकीनंदन दीक्षित का परिवार बिलासपुर के गोल बाजार में रहकर व्यवसाय करता था। उनके हिस्से आई जमीनों को उन्होंने अपने रिश्तेदार और भाई-बहन को देने के बजाय गरीबों के लिए दान करना बेहतर समझा। एक समय था, जब बिलासपुर में पंडित देवकीनंदन दीक्षित आजादी के पहले अंग्रेज जैसा समानांतर सरकार जैसी व्यवस्था कर रहे थे। यानी सरकारी स्कूल, अस्पताल, मुक्तिधाम और कई ऐसी चीजों की व्यवस्था करती है, जिसे पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने बिलासपुर वालों के लिए स्वयं के खर्चे से व्यवस्था करना शुरू किया था।

### लड़कियों के स्कूल के लिए जमीन दी

पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने लड़कियों को पढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए दो जगह जमीन दान की है। बिलासपुर के खपरगंज में उन्होंने प्राइमरी स्कूल के लिए अपनी जमीन दान की है। इसके अलावा देवकीनंदन दीक्षित चौक के पीछे कई एकड़ की जमीन को उन्होंने मिडिल और हाई स्कूल बनाने के लिए दान किया था, जहां आज भी लड़कियां पढ़ाई करती हैं। वह भी इसलिए क्योंकि उस समय लड़कियों को पढ़ने के लिए परिवार वाले दूर नहीं भेजते थे और उनकी पढ़ाई बंद कर दी जाती थी।

# बच्चों से फर्श की ढलाई करवाई, प्रधान पाठक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर ब्लाक में शिक्षा का मंदिर उस समय शर्मसार हो गया जब शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरी के प्रधान पाठक परदेशीलाल पटेल ने कक्षा सातवीं और आठवीं के छात्रों से स्कूल समय में गिट्टी, रेत और सीमेंट ढुलवाकर फर्श की ढलाई करवाई। जांच में मामला सही पाए जाने पर संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

दरअसल विकासखंड शिक्षा अधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान यह मामला सामने आया। उनकी रिपोर्ट पर जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी। संयुक्त संचालक कार्यालय से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया कि 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे विद्यालय समय में प्रधान पाठक छात्रों से श्रम करा रहे थे। इसे शासन के आदेश की खुली अवहेलना और प्रधान पाठक की स्वेच्छाचारिता माना गया है। शिक्षा विभाग ने इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन बताते हुए गंभीर लापरवाही की श्रेणी में रखा है।



■ तखतपुर ब्लाक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरी का मामला

### बच्चों ने बताया फर्श साफ कराया गया

जांच दल ने कक्षा 7 वीं और 8 वीं के विद्यार्थियों से पूछताछ की। बच्चों ने बताया कि प्रधान पाठक ने उन्हें खुद फर्श का काम करने के लिए कहा था। वे स्कूल समय में मिट्टी, गिट्टी और सीमेंट ढो रहे थे। यह बयान निलंबन की निर्णायक वजह बना। शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि शिक्षकों द्वारा छात्रों से किसी प्रकार का श्रम कार्य करवाया जाना दंडनीय अपराध माना जाएगा। जिले के सभी बीईओ को ऐसे मामलों की सघन निगरानी करने को कहा गया है। जब जांच टीम ने छात्रों से पूछताछ की तो उन्होंने आरोपों की पुष्टि की। जांच रिपोर्ट में कहा गया कि छात्रों से इस तरह का शारीरिक श्रम करवाना न केवल उनके मौलिक अधिकारों का हनन है, बल्कि शिक्षा विभाग की जीरो टॉलरेंस नीति के भी विपरीत है।

### क्लास में पढ़ाई नहीं मजदूरी करवाई

जांच रिपोर्ट में बात सामने आई कि प्रधान पाठक परदेशी लाल पटेल ने बाल श्रम अधिनियम का उल्लंघन करते हुए, पढ़ाई के समय बच्चों से निर्माण कार्य करवाया। जांच रिपोर्ट के अनुसार, वे छात्रों से सीमेंट, रेत और गिट्टी का मसाला बनवाते हुए पाए गए। आदेश में उल्लेख किया गया है कि सरकारी कर्मचारी को हर समय ईमानदारी और सत्यनिष्ठा बनाए रखनी चाहिए और ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो सरकारी सेवा के लिए अशोभनीय हो। जांच रिपोर्ट में कहा गया कि इस कृत्य से शिक्षा व्यवस्था की साख को ठेस पहुंची है। निलंबन आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और परदेशी लाल पटेल का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी तखतपुर कार्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

## विधानसभा को गलत जानकारी देने के मामले में शासन ने की कार्रवाई

# पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सहायक प्राध्यापक भुवन सिंह राज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। रजिस्ट्रार पर यह कार्रवाई राज्य शासन द्वारा की गई है। उन पर विधानसभा ध्यानाकर्षण प्रश्न में त्रुटिपूर्ण व भ्रामक जानकारी देने का आरोप है। निलंबन अवधि में उन्हें रायपुर अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय में अटैच किया गया है।

■ नियुक्तियों को लेकर लगा था ध्यानाकर्षण प्रश्न

भुवन सिंह राज का मूल पद सहायक प्राध्यापक है और शासन द्वारा उन्हें तत्कालीन रजिस्ट्रार श्रीमती इंदुअनंत के रायगढ़ यूनिवर्सिटी स्थानांतरण के बाद मार्च 2024 में ओपन यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार पद पर पदस्थ किया गया था। वे करीब डेढ़ साल से यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत थे। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव फबिओला बड़ा के हस्ताक्षर से निलंबन आदेश जारी होने के बाद आज ओपन यूनिवर्सिटी में आदेश पहुंचते ही यूनिवर्सिटी में सनसनी फैल गई। यह मामला चर्चा का विषय बना रहा। जानकारी के अनुसार ओपन यूनिवर्सिटी में नियुक्ति से ध्यानाकर्षण प्रश्न क्रमांक 556 विधानसभा में मार्च 2025 के सत्र लगा था। इस प्रश्न में त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारी दिए जाने के मामले में रजिस्ट्रार पर यह कार्रवाई हुई है। इस मामले में उन्हें अगस्त माह में कारण बताओ नोटिस भी जारी हुआ था, जिसका जवाब रजिस्ट्रार श्री राज ने भेज दिया था। लेकिन शासन उनके द्वारा भेजे गए जवाब से संतुष्ट नहीं था और उनके जवाब को अमान्य करते हुए उन्हें कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उल्लंघन करने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में श्री राज का मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय रायपुर निर्धारित किया गया है और निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।




### परीक्षा नियंत्रक को रजिस्ट्रार का प्रभार

शासन द्वारा ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार श्री राज को निलंबित किए जाने के बाद मंगलवार को ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत ने एक आदेश जारी कर ओपन यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनीष साव को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। डॉ. साव अब परीक्षा नियंत्रक के दायित्वों के साथ ही रजिस्ट्रार पद का भी काम देखेंगे।

### नान टीचिंग नियुक्ति संबंधी मामला

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग पदों पर नियुक्ति संबंधी प्रश्न के मामले में त्रुटिपूर्ण भ्रामक जानकारी विधानसभा को देने पर रजिस्ट्रार श्री राज को निलंबित किया गया है। वर्ष 2024 में ओपन यूनिवर्सिटी में सहायक ग्रेड-थ्री के तीन पदों पर नियुक्ति हुई थी। इसी तरह कुछ और भी नान टीचिंग पदों पर नियुक्ति को लेकर काफी विवाद भी हुआ था और यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर गड़बड़ी के आरोप भी लगे थे। उन्हीं नियुक्ति को लेकर यूनिवर्सिटी की ओर से गलत जानकारी विधानसभा को भेजी गई थी, जिसका खामियाजा रजिस्ट्रार को भुगतना पड़ा है क्योंकि रजिस्ट्रार यूनिवर्सिटी का प्रशासनिक अधिकारी होता है।

### संतुष्ट नहीं होने पर निलंबित

यूनिवर्सिटी के संबंध में विधानसभा प्रश्न संबंधी जानकारी से संतुष्ट नहीं होने के कारण शासन द्वारा रजिस्ट्रार को निलंबित कर दिया गया है और उन्हें रायपुर अटैच किया गया है। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक को रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

- **प्रो. वीके सारस्वत**
कुलपति, ओपन यूनिवर्सिटी

बारहवीं पुण्यतिथि
स्व.श्रीमती चम्पा दुबे
आपकी सेवा त्याग व समर्पण हमारे लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा।
आज दि. 12.11.2025 को
बारहवीं पुण्यतिथि
पर शत्-शत् नमन एवं अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...



स्व.श्रीमती चम्पा दुबे
जन्म:- 28.09.1932 देह अवसान:- 12.11.2013

श्रद्धानवत :- अजय दुबे (पुत्र), सरस्वती दुबे (पुत्र वधु), अरुण दुबे (पुत्र), रजनी दुबे (पुत्र वधु), विजय दुबे (पुत्र), स्वाती दुबे (पुत्र वधु), स्व. सोहन पाण्डेय (दामाद), स्व. उषा पाण्डेय (पुत्री), छत्रभान पाठक (दामाद), आशा पाठक (पुत्री), मनीष मिश्रा (पौत्र दामाद) अर्चना मिश्रा (पौत्री) अमित दुबे (सुपौत्र), रोशनी दुबे (सुपौत्र वधु), साकेत दुबे (पौत्र दामाद) आंकाक्षा दुबे (पौत्री) अंकित दुबे (सुपौत्र) प्रदीप्ति दुबे (सुपौत्र वधु), राजकुमार शर्मा (पौत्र दामाद) आकृति शर्मा (पौत्री), आकाश, आस्था, अनुराग पाठक, अर्चित मिश्रा, अभिज्ञान दुबे मास्टर जय दुबे एवं समस्त दुबे परिवार
16/473 स्व. चम्पा देवी पिताम्बर प्रसाद दुबे भवन, विद्या उपनगर, बिलासपुर (छ.ग.) मो.- 8251969613

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस का दीपावली मिलन समारोह



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस का प्रांतीय दीपावली मिलन समारोह प्रांत अध्यक्ष बीपी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें राजेंद्र दवे, रमेश सिंह ठाकुर एवं आरके ठाकुर की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन की सदस्यता एवं संगठन के पुनर्गठन पर व्यापक चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार रखें तथा लंबित समस्याओं की निराकरण करने त्वरित कार्रवाई की शासन से मांग की गई। विशेष कर आदिवासी विभाग शिक्षा विभाग नियमितकरण एवं समयमान वेतनमान के निराकरण करने संचालक शिक्षा विभाग एवं आयुक्त आदिवासी विभाग को ज्ञापन देकर निराकरण की मांग की जाएगी। इस अवसर पर अरुण पांडे, प्रकाश रविदास, नारायण साहू, अश्वनी बंजारे, अनिल साहू, भारत बंजारे आदि मौजूद थे।

### डाक जीवन बीमा के माध्यम से बीमित परिवार को मिला आर्थिक संबल




**बिलासपुर।** डाक विभाग की डाक जीवन बीमा योजना के अंतर्गत बीमाधारक मुनेश्वर प्रसाद द्वारा प्रतिमाह 2456 रुपए का प्रीमियम 10 माह तक नियमित रूप से जमा किया गया था। बीमाधारक की दुर्भाग्यवश मृत्यु होने पर, उनके नॉमिनी उनके माता और पिता श्रीमती सुखमनी एवं लक्ष्मी प्रसाद को विभाग द्वारा 10 लाख 51 हजार 974 रुपए पूरे बीमाधन सहित बोनस की राशि चेक के माध्यम से प्रधान डाकघर जांजगीर में 10 नवंबर 2025 को अधीक्षक डाकघर बिलासपुर संभाग विनय कुमार प्रसाद द्वारा प्रदान की गई है। इस अवसर पर सहायक अधीक्षक (दौरा) बिलासपुर अरुण तिवारी, उपसंभागीय निरीक्षक जांजगीर उपसंभाग निखिल गोपाल, पोस्टमास्टर जांजगीर राजेश कुमार स्वर्णकार , धीरेंद्र राठौर, अमित कौशिक, जोगिंदर धृतलहरे एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे । यह भुगतान डाक जीवन बीमा योजना की विश्वसनीयता और पारदर्शिता का उदाहरण है।

### एयू में शैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर केंद्रीय मंत्री से शिकायत



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों में चल रहे शैक्षणिक पदों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार व छात्र कल्याण अधिष्ठाता सहित केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मिलकर शिकायत की है। अटल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक पदों के भर्ती प्रक्रिया को लेकर शिकायत करने वाले छात्रों के प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि भर्ती में मूल और विशिष्ट विषयों के साथ ऐसे एप्लाएड विषय जोड़े गए हैं जो न केवल विभागों की स्वतंत्र पहचान को प्रभावित करेंगे बल्कि उनके भविष्य के अवसरों पर भी नकारात्मक असर डालेंगे। यूनिवर्सिटी के फूड प्रोसेसिंग एवं टेक्नोलाजी विभाग में बायोटेक्नोलाजी, डेयरी टेक्नोलाजी, डेयरी इंजीनियरिंग और डेयरी माइक्रोबायोलाजी जैसे विषयों को एप्लाइड विषय के रूप में शामिल किया गया है। इसी तरह होटल मैनेजमेंट एवं हास्पिटैलिटी विभाग में जनरल मैनेजमेंट और टूरिज्म मैनेजमेंट जैसे विषयों को एआईसीटीई के मानकों के विरूद्ध तथा गलत एप्लाइड विषयों के तौर पर जोड़ा गया है। छात्रों का कहना है कि ये बदलाव उनके कैरियर के अवसरों को सीमित कर देंगे और प्रैक्टिकल बेस विषयों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेंगे। इसलिए विभागों की विशिष्ट पहचान को बनाए रखा जाए और भर्ती प्रक्रिया में ऐसे असंबंधित विषयों को शामिल न किया जाए। छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से इस मामले में हस्तक्षेप कर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगवाने की मांग की है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी प्रशासन को उनकी मांग नहीं मानने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### अभा विकलांग चेतना परिषद् के वार्षिक सम्मेलन में शोध एवं विचार गोष्ठी



**बिलासपुर।** अभा विकलांग चेतना परिषद् के वार्षिक सम्मेलन द्वितीय दिवस के अवसर पर शोध एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विकलांग विमर्श विषयक 18 वीं द्वि दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी गीता देवी रामचंद्र अग्रवाल विकलांग अस्पताल अनुसंधान एवं निशुल्क सेवा केंद्र मोपका के सभागार में संपन्न हुआ। डॉ सुरेश माहेश्वरी, डॉक्टर मीना सोनी, डॉक्टर के के दुबे, रमेश चंद्र श्रीवास्तव बिलासपुर के अध्यक्ष मंडल में विद्वानों प्राध्यापक को छात्रों ने आलेख प्रस्तुत किया। डॉ विनय कुमार पाठक ने 21वीं सदी के प्रथम दस्तक की आहट से आरंभ इस विमर्श के गंतव्य पर सार्थक विचार प्रस्तुत किए । डॉ माहेश्वरी ने इसमें चिंतन पक्ष पर प्रकाश डालते हुए इसे आज की आवश्यकता पर कारगर निर्दिष्ट किया। डॉ मीना सोनी ने साहित्य में विकलांगता के अनुशीलन अन्वेषण को अस्मिता मूलक बताया। इस अवसर पर डी पी गुप्ता, शंकर प्रसाद दुबे, जानकीलाल विश्वकर्मा, बालगोविन्द अग्रवाल, प्रदीप कुमार गेंदले, बलराम चन्द्रवंशी, डॉ गजेन्द्र तिवारी, विष्णु कुमार तिवारी, नित्यानंद अग्रवाल, आशा मेहर, निशा पटेल, यागिनी तिवारी, बालगोविन्द अग्रवाल, शगुफ्ता परवीन, डॉ विवेक तिवारी,राम निहोरा राजपूत, डॉ मीना सोनी , प्रो के के दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉक्टर राघवेंद्र दुबे, डॉक्टर गजेंद्र तिवारी, डॉक्टर इसाबेला लकड़ा एवं स्मृति सोनी वैष्णव, डॉ अर्चना मिश्रा, तुलसी देवी तिवारी, वेणु, शीतल प्रसाद पाटनवार ने शोध पत्र का वाचन किया।

---

**करगीकला कोटा में पूरा गांव परेशान** | **जिले के अनेक गांवों में ऐसी शिकायतें**

# गिरदावली में जमीन बंजर, मौके पर लहलहा रही धान की फसल

**बिलासपुर।** गिरदावली की रिपोर्ट के अनुसार जो खेत बंजर दिखाए गए है, मौके पर वहां धान की फसल लहलहा रही है। कोटा विकासखंड के करगीकला गांव में पूरा का पूरा गांव ही बंजर बता दिया गया है। समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान की खरीदी प्रारंभ होने वाली है, लेकिन सुधार के लगातार प्रयासों के बाद भी किसी तरह की सफलता नहीं मिलने पर मंगलवार को किसानों ने बड़ी संख्या में कलेक्टर से शिकायत कर तत्काल सुधार की मांग की है।

किसानों के बीच एक बड़ी समस्या सामने आ गई है। अपने खेतों में लहलहाती धान की फसल को देखकर एक ओर जहां वे खुश हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एग्रीस्टेक पंजीयन के दौरान उनके अनेक खसरों के सामने निरंक लिखकर आ रहा है। इसका आशय यह है कि मौके पर आज की दशा में खेत बंजर है।



किसानों का कहना है कि गिरदावली के दौरान भौतिक सत्यापन के बाद इस कार्य में संलग्न अमले के द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें या तो जानकारी ही गलत भरकर भेजी गई है, या फिर पोर्टल की गड़बड़ी के कारण ऐसा हुआ है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य झगर राम सूर्यवंशी ने बताया कि उनके साढ़े नौ एकड़ भूमि में से गिरदावली रिपोर्ट में केवल ढेड़ एकड़ खेत की सही जानकारी आ रही है। शेष आठ एकड़ निरंक बता रहा है। उन्होंने बताया कि कोटा ब्लॉक के करगीकला गांव में पूरे के पूरे गांव को ही निरंक बता दिया गया है, जबकि यहां का रकबा 4 हजार हेक्टेयर से कम नहीं होगा। किसानों ने बताया कि इस तरह की शिकायत अमने, मटियारी, उरतुम, मोहरा, सेलर सहित पूरे जिले में ही सामने आ रही है। 15 नवंबर से प्रारंभ हो रही धान खरीदी को अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में जल्द सुधार नहीं होने से किसानों को समर्थन मूल्य पर अपने धान बेचने में बड़ी परेशानी हो जाएगी। इस संबंध में किसानों ने कलेक्टर से मिलकर अपनी अपनी समस्या का समाधान करने की बात कही।

### टीम बनाकर क्रॉस चेक भी कराई गई थी रिपोर्ट

पटवारियों के मार्गदर्शन में युवाओं की टीम के द्वारा की गई गिरदावली की रिपोर्ट सबमिट होने के बाद जिला प्रशासन स्तर पर उस रिपोर्ट की क्रॉस चेकिंग भी कराई गई थी। इसके अंतर्गत जमीनी स्तर के कर्मचारियों से लेकर जिले के उच्चाधिकारियों तक को अलग-अलग टीमों में शामिल किया गया था। इन टीमों के द्वारा पहली टीम के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की मौके पर जाकर औचक जांच की गई। इस दौरान रिपोर्ट में भिन्नता आने पर रिपोर्ट में सुधार भी किया गया। इतना कुछ करने के बाद भी अब भी ऐसी भिन्नता का नजर आना गिरदावली की प्रक्रिया को ही संदेह के दायरे में खड़ा कर रहा है।

### बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग देकर कराई गई थी गिरदावली

जिले में साढ़े नौ लाख खसरे हैं, जिनकी गिरदावली कराई गई है। खसरों की संख्या अधिक होने एवं सरकारी अमला कम होने के कारण इस काम के लिए निजी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं की मदद ली गई थी। प्रत्येक खसरा की गिरदावली के लिए एक निश्चित दर तय की गई थी। सूत्रों के अनुसार इन युवाओं को गिरदावली के एवज में लगभग 1.60 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। सवाल यह है कि इतनी बड़ी राशि खर्च कर कराई गई गिरदावली की रिपोर्ट एवं मौके पर वास्तविक स्थिति में इतना बड़ा अंतर क्यों आ रहा है।

### सुधार का काम लगातार चलता रहेगा

इस तरह की शिकायतें आ तो रहीं हैं, जिन्हें पटवारियों को भेजा जा रहा है। पटवारियों के द्वारा भौतिक सत्यापन एप के माध्यम से सुधार किया जा रहा है। इस कार्य में लगातार रोज ही अपडेट आ रहे हैं। फिलहाल सुधार का काम लगातार चलता रहेगा और अपडेट आते रहेंगे।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

---

**एकता के रंग में रंगा शहर : सरदार पटेल की जयंती पर निकला भव्य यूनिटी मार्च**

# सरदार पटेल का व्यक्तित्व भारत की एकता अखंडता का प्रतीक : तोखन



रैली में शामिल केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू व अन्य जनप्रतिनिधि।



युवा नीतेश साहू का सम्मान करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर बिलासपुर शहर में भव्य "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया गया।

तिफरा स्थित मां काली मंदिर परिसर से केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, सीईओ संदीप अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर हजारों युवाओं ने उत्साह से रैली में भाग लिया और देश की एकता, अखंडता तथा राष्ट्रीय एकजुटता का सशक्त संदेश दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन व सभी अतिथियों ने माता काली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। श्री तोखन ने कहा कि सरदार पटेल भारत की अखंडता के प्रतीक हैं मां काली के आशीर्वाद से यह रैली निकली है, जो देश की निर्भयता, निडरता और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि "सरदार वल्लभभाई पटेल वह व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने 561 रियासतों को जोड़कर आधुनिक भारत की एकता का मजबूत ढांचा खड़ा किया, यह रैली उन्हें समर्पित है।"

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पी हैं। उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज हम एक सशक्त और एकजुट राष्ट्र के रूप में खड़े हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाते हुए देश निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### देशभक्ति नारों से गूंजा शहर

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू सहित सभी अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया। सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा के साथ रथ निकाली गई। युवाओं ने नारे लगाते हुए मुख्य मार्गों पर पदयात्रा की और एकता का संदेश दिया। नेहरू चौक पर रैली का भव्य स्वागत किया गया। यहां से सैकड़ों छात्र 100 मीटर तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुए। युवाओं का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। शहर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों ने फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा से रैली का स्वागत किया।

### माता सबरी कॉलेज में समापन

यूनिटी मार्च का समापन सबरी महाविद्यालय परिसर में हुआ। यहां स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया। केंद्रीय मंत्री श्री तोखन ने कहा कि भारत निर्माण में सरदार पटेल के योगदान का देश सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला,दिनेश यादव, भाजपा की प्रदेशमंत्री श्रीमती हर्षिता पांडे आदि शामिल थे।

---



# सिग्नल का दूर से अनुमान न लगाएं चालक : जीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि लोको पायलट, सहायक लोको पायलट ड्यूटी के दौरान सिग्नल को दूर से अनुमान लगाने की कोशिश न करें। सिग्नल की दृश्यता को ध्यान में रखते हुए नियमों के अनुरूप कार्य करते हुए ट्रेन का सुचारू रूप से परिचालन करें, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो सके।

महाप्रबंधक ने एसपीएडी से बचाव विषय पर आयोजित संरक्षा सेमिनार में विशेष रूप से उपस्थित होकर सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी विभागों को बेहतर समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने निर्देशित किया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले चार नवम्बर को रायगढ़ से बिलासपुर स्टेशन के बीच गतौरा से बिलासपुर की ओर आ रही कोरबा-बिलासपुर लोकल अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस घटना के बाद चालक को दोषी माना जा रही है। वहीं कई जानकार आटो सिग्नलिंग की वजह से घटना होना मान रहे हैं। इस घटना के बाद लगातार सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चालक, सहायक चालकों को ट्रेन को सुचारू और सुरक्षा के दायरे में चलाने की सीख दी जा रही है। सेमिनार में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, गार्ड तथा संरक्षा से जुड़े रेलपथ, सिग्नल आदि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जीएम ने कहा कि संरक्षा मानकों का पालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण, सतर्कता और पूर्वनियोजित रखरखाव के माध्यम से बेहतर परिणाम प्राप्त करने का भी आदेश दिया। इसके उपरांत उन्होंने रायगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचकर रनिंग रूम, प्रतीक्षालय, लॉबी, स्टेशन परिसर, अमृत भारत स्टेशन योजना में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। क्रू लॉबी व रनिंग रूम में कर्मचारियों से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की।

---

# रोजगार सहायक ने की पीएम आवास योजना में गड़बड़ी

**बिलासपुर।** बिल्हा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा-ड के रोजगार सहायक मनोज सोनी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी की गई है। इस मामले में बिल्हा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच कराया गया है और जांच उपरांत रोजगार सहायक की संविदा सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की गई है।

बिल्हा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा के रोजगार सहायक मनोज सोनी के खिलाफ ग्राम के उप सरपंच जलेश्वर कश्यप सहित ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि रोजगार सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास में 5-5 हजार रुपए प्रति आवास के हिसाब से हितग्राहियों से अवैध वसूली किया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास में कार्य करने वाले ग्रामीणों के मनरेगा तहत मजदूरी नहीं मिलने सहित फर्जी मस्टर रोल संबंधी शिकायत भी की गई थी। इन शिकायतों की जांच एवं रोजगार सहायक को पद से हटाने की मांग की गई थी। इस पर बिल्हा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच कराया गया। जांच टीम द्वारा 12 सितंबर 2025 को भौतिक निरीक्षण के दौरान दुकालाबाई, सगरहा का आनलाइन जिओटेग तथा

■ जनपद पंचायत के जांच में सामने आई अनियमितता

भौतिक स्थिति का मिलान किया गया। आवास एप में जिस प्रस्तावित स्थल का जिओटेग हुआ है, भौतिक स्थिति में वहां किसी प्रकार का आवास निर्मित नहीं है का उल्लेख किया गया है। ग्राम पंचायत खैरा ड के रोजगार सहायक मनोज सोनी द्वारा स्वयं अपने मोबाईल से आवास एप से जो प्लिंथ स्तर, छत स्तर एवं पूर्ण स्तर में जिओ टैग आनलाइन किया गया है वह प्रस्तावित स्थल के लोकेशन के नजदीक किसी अन्य हितग्राही के आवास का होना पाया गया है। हितग्राही द्वारा आवास की राशि 1 लाख 20 हजार रुपए भी आहरण कर लिया गया है। निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार निरीक्षण के दौरान आवास निर्माण के आनलाइन एवं भौतिक स्थिति में भिन्नता पाई गई है। सीईओ जनपद पंचायत बिल्हा द्वारा कराए गए जांच में पाया गया कि रोजगार सहायक द्वारा योजना के क्रियान्वयन में घोर लापरवाही की जा रही है।

### अनुशंसा जिपं को भेजी गई

बिल्हा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा-ड के रोजगार सहायक के खिलाफ ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी के संबंध में शिकायत की गई थी। बिल्हा जनपद पंचायत की ओर से इसकी जांच कराई गई है जिसमें अनियमितता पाया गया है और रोजगार सहायक का सेवा समाप्त करने अनुशंसा जिला पंचायत को भेजा गया है।

-जलेश्वर कश्यप
उप सरपंच, ग्राम पंचायत खैरा-ड

### एसईसीआर से चलने वाली चार ट्रेनें कैंसिल

**बिलासपुर।** दपूरे खड़गपुर रेल मंडल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण का काम किया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली चार ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। ये गाड़ियां 13 से 23 नवंबर तक अलग-अलग दिनों में रद्द रहेगी। इससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि बिलासपुर रेल जोन के साथ ही देश भर के अलग-अलग जोन में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम चल रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल में भी काम चल रहा है, जिसे तेजी से पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। यह काम 13 से 23 नवंबर तक होगा। इसमें 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 22 एवं 23 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी के साथ 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 एवं 21 नवंबर को शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

---

# सम्मेलन में डॉ. मढ़रिया का एडवांस फेको पर व्याख्यान

**हेल्थ प्लस**



**बिलासपुर।** नई दिल्ली में एम्स द्वारा आयोजित 6 वां अंतरराष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञों के सम्मेलन में नेत्र विशेषज्ञ व आशीर्वाद लेजर फेंका नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉक्टर एल सी मढ़रिया ने जटिल मोतियाबिंद के ऑपरेशन की नई तकनीकी एडवांस फेको के बारे में व्याख्यान दिया।

भारत के नेत्र चिकित्सालय के सर्वोच्च संस्थान डॉक्टर आर पी सेंटर एम्स द्वारा 7 से 9 नवंबर को इंडिया हैबिटेट सेंटर में 6वां अंतरराष्ट्रीय आईएसएमएसआईसीएस सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। जिसमें विश्व के जाने-माने नेत्र विशेषज्ञों ने अंधत्व जिसमें मुख्य रूप से डायबिटीज, कांचबिंद पर्दे की बीमारी के अत्यधिक नई तकनीकी इलाज के बारे में व्याख्यान व शोध पत्र पढ़ा। इस सम्मेलन में डॉक्टर मढ़रिया ने जटिल से जटिल मोतियाबिंद के इलाज के एडवांस फेको के बारे में व्याख्यान 8 नवंबर को दिया। विदेश से आए नेत्र विशेषज्ञों ने एडवांस लैंस प्रत्यारोपण की नई विधि के बारे में बताया। डॉ प्रोफेसर ललित वर्मा ने वर्तमान में आंख के ऑपरेशन के इंफेक्शन से बचने व उसके इलाज के बारे में बताया। डॉ प्रोफेसर सुबुधि ने पर्दे की बीमारी एआरएमडी के नई इलाज इंजेक्शन पैगामोक्स के बारे में बताया है। इसी प्रकार कांच बिंद से होने वाले अंधत्व व बच्चों के आरओपी के इलाज का डॉक्टर प्रो. टीटीयाल, डॉ क्रिस्टोफर, डॉ जायदा, डॉ अमर राडी, डॉ कादिल, डॉ तान एवं अन्य विशेषज्ञों से आए नेत्र विशेषज्ञों ने एडवांस तकनीकी के बारे में बताया गया। डॉक्टर मढ़रिया ने बताया कि यह नेत्र विशेषज्ञों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व में हो रहे नई इलाज व शोध पत्र का पठन पाठन किया गया।

---

**एसईसीएल सीएमडी दुहन के मार्गदर्शन में कोल इंडिया का पहला प्रोजेक्ट शुरू**

# कोरबा सिंघाली यूजी खदान में पेस्ट फिलिंग टेक्नोलॉजी का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कोरबा क्षेत्र के डीएसबी उपक्षेत्र स्थित सिंघाली यूजी खदान में पेस्ट फिलिंग टेक्नोलॉजी परियोजना का भूमि पूजन 11 नवंबर को किया गया। एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन के मार्गदर्शन में क्रियान्वित किया जा रहा यह कोल इंडिया का पहला पेस्ट फ़लि प्रोजेक्ट है।

इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना, रमेश चन्द्र महापात्र मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक (टीएमसी) अतुल द्विवेदी, महाप्रबंधक (उत्पादन) एसईसीएल अजय तिवारी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा क्षेत्र राजेश कुमार गुप्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र, उपक्षेत्र एवं इकाई के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनिधि तथा जेसीसी डीएसबी उपक्षेत्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। भूमि पूजन के पश्चात अतिथियों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अफसर।

### क्या है पेस्ट फिलिंग तकनीक

पेस्ट फिलिंग टेक्नोलॉजी एक आधुनिक खनन तकनीक है जिसके माध्यम से खदानों से निकले फ्लाई ऐश, टेलिंग्स या अपशिष्ट पदार्थों को पानी और सीमेंट जैसे बाइंडर्स के साथ मिलाकर पेस्ट के रूप में भूमिगत खाली स्थानों में भरा जाता है। यह तकनीक न केवल भूमिगत सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ाती है, बल्कि सतह पर अपशिष्ट निपटान की समस्या को भी काफी हद तक कम करती है। इससे पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा तथा सस्टेनेबल माईनिंग को बढ़ावा मिलता है। सिंघाली खदान में इस तकनीक के प्रयोग से एसईसीएल ने एक और महत्वपूर्ण कदम हरित एवं सुरक्षित खनन की दिशा में बढ़ाया है। इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र के विभिन्न विभागों के स्टाफ ऑफिसर्स एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

---

# आधारशिला सैनिक स्कूल में ओपन राउंड एडमिशन प्रारंभ

**बिलासपुर।** आधारशिला सैनिक स्कूल के लिए ओपन ऑफलाइन एडमिशन राउंड के लिए एक विशेष अभियान 4 नवंबर से से 19 नवंबर तक खुला है।

केवल वे उम्मीदवार जिन्होंने एआईएसएसईई - 2025 के लिए अर्हता प्राप्त की है, और जो किसी भी सैनिक स्कूल / नए सैनिक स्कूल में भर्ती नहीं हुए हैं, वे स्कूल के अंतिम अनुमानित स्पॉट राउंड शेष रिक्तियों के अनुसार आधारशिला सैनिक स्कूल में सीधे आवेदन कर सकते हैं। आधारशिला सैनिक स्कूल भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन सैनिक स्कूल सोसायटी से संबद्ध एक प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय है। यह विद्यालय विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रप्रेम और चरित्र निर्माण के मूल्यों का विकास करता है। विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के साथ-साथ सैनिक प्रशिक्षण एवं समग्र व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# संघर्षों से ही बढ़ा व्यक्तित्व ही राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बनता है


राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर युग प्रवर्तक डॉ हेडगेवार संघ सृजन का नाट्य मंचन मंगलवार को इंडोर स्टेडियम खेल परिसर बहतराई में आयोजित किया गया। माधव प्रेरणा केन्द्र एवं डॉ हेडगेवार नाट्य मंचन समिति के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने की।




### नाट्य मंचन में डॉ. हेडगेवार के जीवन का वृतांत

शताब्दी वर्ष पर आयोजित डॉ हेडगेवार नाट्य मंचन के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के उन निर्णायक क्षणों को उजागर किया जाएगा जब डॉ. हेडगेवार ने हिंदू समाज के पुनर्गठन का बीड़ा उठाया। जिसमें रामराज्य कल्पना को दर्शाया गया। इस मंचन में 40 कलाकारों द्वारा नाट्य किया गया। जिसमें सवा दो घंटे तक हेडगेवार के जीवन को बताया।







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोखन साहू ने कहा कि यह नाट्य मंचन हमारे संस्कृति का हिस्सा है, सन 1925 में विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की स्थापना की गई। यह कोई राजनैतिक संगठन नहीं बल्कि मानव निर्माण की प्रयोगशाला थी, जिसमें व्यक्ति सेसमाजऔर समाज से राष्ट्र निर्माण की कल्पना थी।

इन्होंने कहा कि संघर्षों से बढ़ा हुआ व्यक्तित्व ही राष्ट्र की रीढ़ बनता है। नाद ब्रह्म नागपुर द्वारा यह प्रस्तुति संघ की उपलब्धि को जीवंत करना सराहनीय है, उन्होंने कहा कि डॉ हेडगवार के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे एक चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी ने देशभक्ति की अलख जगाने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि डॉ हेडगवार बाल्यकाल से ही प्रखर देशभक्त थे,नाट्य मंचन में जीवन को दर्शाने की कोशिश की गई है,इससे सभी को प्रेरणा मिलेगी, नजदीक से



जानने का भी अवसर मिलेगा। नाट्य मंचन को देखने और सुनने बड़ी संख्या में लोग, और आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गया प्रसाद व्यास, पर्यावरण विद ज्योती अग्रवाल, गोपाल ध्रुव, निर्माता डॉ हेडगवार नाट्य मंच पद्माकर धानोरकर, विभाग संघचालक डॉ राजकुमार सचदेव एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ विनोद तिवारी मंचस्थ रहे। मंच संचालन श्री पूर्णेंदु भट्ट के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ ललित माखीजा ने किया। अन्य अतिथि में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, प्रफुल्ल शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

सम्मेलन

## विवाह पूर्व वेडिंग सेरेमनी नहीं करने का लिया निर्णय



**बिलासपुर।** गर्गगोत्रीय छत्तीसगढ़ी शुक्ल परिवार का दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन शारदाश्री गार्डन श्रीविहार सरकंडा में आयोजित किया गया। इसमें परिवार के युवक-युवतियों के विवाह तय होने पर विवाह पूर्व वेडिंग सेरेमनी नहीं करने, शुक्ला परिवार के आर्थिक रूप से कमजोर सदस्यों को यथा संभव सहायता देने, मृत्यु भोज में तामझाम नहीं करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन का शुभ्भारंभ मां भगवती की पूजा-अर्चना कर किया गया। प्रथम दिन के कार्यक्रम में गौरव जोशी ने भजन-कीर्तन पेश कर माहौल बनाया। संध्या आरती की गई। जिसमें समाज के सभी लोगों ने भाग लिया। इसके बाद परिवार के वरिष्ठ सदस्य नंदकिशोर शुक्ला बिलासपुर, राजेन्द्र देव शुक्ला रायपुर, कमल नारायण शुक्ला टेमरी, अश्विनी शुक्ला पंडरभट्ठा, सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, मातृशक्तियों में विजया शुक्ला, कविता शुक्ला बिलासपुर तथा विजयलक्ष्मी शुक्ला पार्षद मुंगेली का शॉल, फूल माला से सम्मान किया गया। सम्मेलन प्रत्येक वर्ष छत्तीसगढ़ के अलग-अलग गांव व शहर में आयोजित किया जाता है। इस बार बिलासपुर शहर को जिम्मेदारी दी गई थी। अगला वार्षिक परिवार सम्मेलन रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस परिवार सम्मेलन में बिलासपुर, रायपुर, पंडरभट्ठा, किरना, टेमरी, एरमसाही, हरदी, दर्री, भाटापारा, अड़भार, तुरवारी, खैरा, परसदा, सिमगा, मोहरेंगा सहित पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 3 सौ पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन रामेश्वर व शाश्वत शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन को सफल बनाने में सुरेश शुक्ला, रामनिहाल, हरीश, योगेश, प्रेमचंद, रामेश्वर, शाश्वत, अजय, प्रफुल्ल, चन्द्रभूषण, कमलकांत, सिद्धार्थ, निमेष, अभिषेक, अभिनव, अपर्णा, रिचा शुक्ला का रहा।

धर्म-क्षेत्र

## भागवत कथा के पहले दिन निकाली गई कलश यात्रा



**बिलासपुर।** श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज, नवयुवक समाज एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ पुराण कथा का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं ने लाल, पीले कलर की साड़ी में उत्साह से भाग लिया। जूना बिलासपुर स्थित साव निवास में आयोजित भागवत पुराण कथा के पहले दिन निकाली गई कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर किलावार्ड, हटरी चौक, हनुमान मंदिर में पूजा कर वापस हटरी चौक, नागोराव शेष स्कूल चौक, कृष्णा नगर, बनियापारा होते हुए कथा स्थल पहुंची। महिलाएं पीले व लाल कलर की साड़ी में कलश, नारियल को सिर पर लिए हुए नगर का भ्रमण किया। बैंड में राधे-राधे, चले आएंगे बिहारी की धुन से गुंजायमान होता रहा। महाराजा रथ में कथावाचक पं. महेश तिवारी नगोई चल रहे थे। पं. महेश तिवारी ने भागवत महात्म के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत की कथा सुनने से ही संपूर्ण पाप का विनाश होता है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रभु इच्छा चलेगी। कथा को सफल बनाने में शिव प्रताप, आशीष गुप्ता, राजीव, संतोष, रमेश, संजय, नवीन, विजयकांत, रविश, आशुतोष, प्रवीण, प्रभात, लक्ष्मीकांत, अजय, संतोष, नरेंद्र, मनोज, अनंत अनिल, राजेश, गिरीश गुप्ता सहित समाज की महिलाओं का सहयोग मिल रहा है।

# डीपीएस में रेट्रो थीम पर बच्चों ने मचाई धूम

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में शनिवार को पी.पी.डब्लू विंग के बच्चों ने रेट्रो थीम पर आधारित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों ने 70-80 दशक के पुराने गीतों में शानदार नृत्य एवं गायन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।



विद्यार्थियों ने पुराने गीतों में पेश किया नृत्य



**बिलासपुर।** विद्यालय परिसर को रेट्रो थीम के अनुसार सजाया गया था। जिससे पूरा वातावरण मनमोहक लग रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से किया गया। रेट्रो परिधानों में न सिर्फ विद्यार्थी और उनके अभिभावक भी नजर आए। पीपीडब्लू विंग की शिक्षिकाएं भी रेट्रो परिधानों में रहीं। इस कार्यक्रम को देखकर अभिभावकों को भी पुराने दिन याद आ गए। अंत में प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने, बच्चों और उनके माता-पिता के संबंध को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ ही उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## कवि रामेश्वर ने मामा-भांजा की परंपरा निभाई



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंग्यकार कवि रामेश्वर वैष्णव व कवि मीर अली मीर ने श्याम परिसर विद्या नगर पहुंचे। इस अवसर पर अनन्य शर्मा ने उनका शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया।

कवि ने बताया कि डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा से संबंध मामा-भांजा का था, बिलासपुर आए तो अपने मामा के घर जरूर आते थे। इस परंपरा का बरकरार रखते हुए मंगलवार को डॉ पालेश्वर शर्मा के परिवार से आत्मीय भेंट की।

स्पोर्ट्स न्यूज

# खेल से बढ़ेगा समाज में मेलजोल : साव

- प्रदेश में पहली बार ब्राह्मण प्रीमियम लीग का आगाज
- 16 टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्राह्मण प्रीमियर लीग 2025 का आगाज मंगलवार से हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल खेल का नहीं बल्कि समाज में आपसी मेलजोल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का माध्यम है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव, धर्माचार्य दुर्गेश महाराज, कथावाचक युवराज पांडेय, विधायक सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव ने पूजा-अर्चना और आरती की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण शुक्ला,डॉ. सुनील गुप्ता, विश्वेश ठाकरे, अधिवक्ता मनोज परंजपे, बंशीलाल गौरहा, देवीप्रसाद शुक्ला, वीके पांडेय, लक्ष्मीनारायण दीक्षित, संजय शर्मा, सुरेश शर्मा, दीपक सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे। उद्घाटन मैच वल्लभ वलचर्स और राजगुरु राइनोज के बीच खेला गया। अतिथियों ने टॉस करवाकर मैच और प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की।

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि वे 3000 किमी की यात्रा तय कर इस आयोजन में शामिल होने पहुंचे हैं। मुझे इसकी खुशी है कि ब्राह्मण समाज ने खेल के जरिए एक मंच पर आने का प्रयास किया है। यह आयोजन केवल खेल नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और प्रेरित करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज को दिशा देने का कार्य किया है। आगे भी सनातन की शक्ति और एकता को इसी तरह मजबूती मिलती रहे।

### नई पीढ़ी को मिलेगी दिशा : सुशांत

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने खेल के माध्यम से समाज को जोड़ने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का जो प्रयास किया है। खेल केवल फिटनेस की ओर प्रेरित करेंगी बल्कि टीम भावना और अनुशासन भी सिखाएंगी। आयोजक समिति के प्रमुख पंडित विनय शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण प्रीमियर लीग केवल खेल नहीं बल्कि संस्कृति, संकल्प और समर्पण का प्रतीक है।

### मैदान तक लाना सराहनीयः अटल

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा आज के दौर में बच्चे और युवा मोबाइल व गैजेट में व्यस्त हैं। उन्हें खेल के मैदान तक लाने का प्रयास ब्राह्मण समाज ने किया है, जो निश्चित रूप से प्रशंसनीय है।

### एकता व भाईचारे का प्रतीक : पांडेय

कथावाचक युवराज पांडेय ने कहा यह प्रतियोगिता ब्राह्मणों की एकता और भाईचारे का प्रतीक है। कार्यक्रम में युवराज पांडेय ने दर्शकों की मांग पर लोकप्रिय पचरा गीत हस के उठे वि हस के माता गाकर सभी का मन मोह लिया।

## खिलाड़ी संजू का महिला वर्ल्ड कप के लिए चयन



स्व बी आर यादव,राज्य प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी का आरंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य और छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ को बने 25 वर्ष हो गए लेकिन इस कबड्डी के खेल में इन 25 वर्षों से एक भी इंडिया के लिए एक भी खिलाड़ी नहीं मिल पाया था,जिसे संजू ने प्रथम बार में 6 वीं महिला एशियन कबड्डी चैंपियनशिप तेहरान ईरान गोल्ड मेडल जीत कर यह कमी को पूरा की है। अब संजू वर्ल्ड कप के 3 कठिन इंडिया कैंप को पार कर अंतिम प्रशिक्षण कैम्प गुजरात में आयोजित हो रही हैं, जिसमें देश के 25 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गहन अभ्यास में लगी हुई है। इससे पूर्व संजू देवी ने प्रथम इंडिया कैंप वर्ल्ड कप के लिए गुजरात में खेली जिसमें देश की 19 खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन दिया, उसके प्रदर्शन के आधार पर उसने दूसरे प्रशिक्षण कैम्प में अपना स्थान सुरक्षित रखा था। इस उपलब्धि के लिए मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रशिक्षक दिल कुमार राठौर और संजू देवी को शुभकामनाएं दी।

## कबड्डी प्रतियोगिता में कोटा ने जीता खिताब

कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा ने राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में करपीहा कोटा को 26 अंको से हराकर इस साल का 26 वा ख़िताब अपने नाम किया। कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की राज्य स्तरीय तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सीपत में किया गया किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के लगभग 46 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था इस प्रतियोगिता में कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में करपीहा कोटा को 44-18 के मुकाबले 26अंको से हराकर कबड्डी मे अपनी दबदबा कायम रखा है। खिलाड़ियों के विजेता होने पर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव प्रदीप यादव, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा, जिला कबड्डी संघ उपाध्यक्ष सौरभ राय,कबड्डी प्रशिक्षक हेमंत यादव, पुन्नी राम साहू बिलासपुर नगर कबड्डी संघ अध्यक्ष अवध राम चंद्राकर, सचिव जितेंद्र सराफ, कोटा ब्लाक कबड्डी संघ



अध्यक्ष राय सिंह यादव, मस्तूरी ब्लाक कबड्डी संघ सचिव मनोज सिदार ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### कथा के दूसरे दिन हिरण्यकश्यप वध कथा का वर्णन



**बेलतरा।** चंद्रमती यादव के निवास पर संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ से पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने कथा का वृतांत बताते हुए कहा कि, मनुष्य को अपने जीवन में सदैव सत्कर्म करते करना चीहिए। पंडित शर्मा ने हिरण्यकश्यप वध की कथा का व्याख्यान किया। कथा में मुख्य यजमान चंद्रवती-महावीर यादव, राजेश्वरी-पवन यादव, अनीता-रामसनेही यादव एवं श्रोतागण में जवाहर सोनी, चंद लाल कश्यप, राम रतन कौशिक, कुशल सोनी, संतोष केवट, दिनेश जायसवाल, अशोक कश्यप, गेंदराम कोरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भकुर्रीडीह रेत खदान की नीलामी प्रक्रिया पूरी

**मुंगेली।** जिले के खनिज शाखा कलेक्टर कार्यालय की ओर से तहसील सरगांव स्थित ग्राम भकुर्रीडीह रेत खदान की नीलामी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत नियम 2025 के तहत इस खदान के लिए ई-नीलामी लॉटरी के माध्यम से सफल बोली लगाने वाले का चयन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में यह रेत खदान स्वीकृति हेतु निविदा सुबह 10.30 बजे से ऑनलाइन ओपन की गई। नीलामी प्रक्रिया में कुल 13 आवेदन पात्र पाए गए। नीलामी में ग्राम भकुर्रीडीह की खसरा क्रमांक 333 रकबा 2.500 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए कन्हैया नवलानी, निवासी कुरूद धमतरी को सबसे अधिक बोली लगाने वाला घोषित किया गया है।

### 10 लीटर कच्ची शराब 360 किलो लाहन जब्त



**मुंगेली।** आबकारी विभाग ने जिले के ग्राम सेमरचुवा खार झोपड़ीनुमा ट्यूबवेल के पास 10 लीटर कच्ची महुआ शराब और 360 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने जिले के ग्राम सेमरचुवा खार झोपड़ीनुमा ट्यूबवेल के पास 10 लीटर कच्ची महुआ शराब और 360 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, आरोपी दुर्गेश पटेल के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय साहित्य क्रांति प्रोत्साहन परिषद के उपाध्यक्ष बने सुरेश




**बोदरी।** बिलासपुर के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि, लेखक एवं पत्रकार सुरेश सिंह बैस को साहित्य क्रांति प्रोत्साहन परिषद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त गया है। नियुक्ति पत्र प्रेषित करते हुए 'राष्ट्रीय विचार क्रांति साहित्य' संस्थान सिंगरौली मध्यप्रदेश के संस्थापक डॉ राजकुमार जायसवाल ने कहा कि, श्री बैस को साहित्यिक गतिविधियों व समाज हित हेतु राष्ट्रीय विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए विचार क्रांति साहित्य प्रोत्साहन परिषद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में उन्होंने श्री बैस के द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते हुए परिषद् को सुदृढ़ बनाने में प्रयासरत रहने का आशा व्यक्त की है।

## विशाल कलश यात्रा के साथ हुई आयोजन की शुरूआत

# कलश यात्रा के साथ भैरव जयंती महोत्सव व रुद्र महायज्ञ शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर स्थित प्राचीन भैरव बाबा मंदिर में मंगलवार को भैरव जयंती महोत्सव और रुद्र महायज्ञ की भव्य शुरुआत हुई। आयोजन का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें क्षेत्रभर से आई सैकड़ों महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा भैरव मंदिर परिसर से शुरू होकर दुलहरा तालाब तक पहुंची। यहां से पवित्र जल लेकर श्रद्धालु खंडोबा मंदिर पहुंचे और भैरव बाबा मंदिर में यात्रा संपन्न हुई।

मंदिर के मुख्य पुजारी पं जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि, भैरव जयंती महोत्सव का आयोजन वर्ष 2005 से निरंतर किया जा रहा है। प्रारंभ में यह आयोजन पांच दिनों तक चलता था, बाद में इसे सात दिवसीय किया गया। बीते तीन वर्षों से इसे नौ दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी भक्तों के कल्याण हेतु रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महोत्सव की तैयारियां लगभग 15 दिन पहले से प्रारंभ कर दी गई थीं। पं अवस्थी ने बताया कि, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विद्वान आचार्यों द्वारा पूरे नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भैरव बाबा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, और 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। इसके साथ ही 11 नवंबर को भैरव जयंती के दिन दिव्य मंत्रों के साथ विशेष हवन और दीपदान का आयोजन हुआ।
मंदिर परिसर में 12 नवंबर को भैरव बाबा की जयंती पूरे हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाई जाएगी। वहीं 17 नवंबर सोमवार को शाम 6 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। इसके उपरांत 19 नवंबर बुधवार को 151 कन्या भोजन, बटुक भोजन, ब्राह्मण भोजन और महाभंडारा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पं दिलीप दुबे, राजेन्द्र दुबे, महेश्वर पांडेय, पं कान्हा तिवारी, विक्की अवस्थी, रवि तम्बोली सहित मंदिर समिति के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हैं।

### भैरव जयंती आज, मंदिर में होगी पूजा-अर्चना

**लोरमी।** नगर के महामाया मंदिर प्रांगण स्थित श्री भैरव मंदिर में घासीराम अग्रवाल परिवार की ओर से बुधवार 12 नवम्बर को पूजा-अर्चना कराई जायेगी। उक्त जानकारी सुनील अग्रवाल ने दी।

# सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम



**बिलासपुर।** श्री सुंदर सदन परिवार के सदस्यों द्वारा मेहंदी हनुमान मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम रविवार 9 नवंबर को संपन्न कराया। इसके बाद छत्तीसगढ़ के काशी के नाम से प्रसिद्ध नगरी खरौद में लखेश्वर महादेव भगवान का दर्शन व पूजन किया गया।

दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि, पूजन के बाद श्री हनुमान धाम देवरघटा आश्रम में वयोवृद्ध 105 वर्षीय संत जी से आशीर्वाद लिया गया एवं आश्रम में स्थित राम दरबार, भगवान जगन्नाथ, लक्ष्मी-नारायण, राधा-कृष्ण सहित आश्रम में स्थित गौशाला में पूजा-अर्चना की गई। इस आध्यात्मिक यात्रा में बोदरी से चंद्र प्रकाश तिवारी, रविन्द्र मिश्र चकरभाठा से राजेश उपाध्याय, अशोक मिश्रा, विश्वनाथ शर्मा धमनी से त्रियुगी नारायण शर्मा कड़ार से रूप चंद दुबे, संजय दुबे, कया से बृजराज कुमार वर्मा तथा बिलासपुर से दिनेश कुमार शुक्ला, ओम प्रकाश शर्मा, भारतेंदु पांडे ,जीडी दीवान, रमाकांत शर्मा, राजेश शर्मा, श्री गुप्ता आदि शामिल हुए।

### 4 दिसंबर तक होगा गणना पत्रक भरवाने का काम

**मुंगेली।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में 4 नवंबर से मतदाताओं की मतदाता सूची हेतु गणना पत्रक भरवाना शुरू हो चुका है। यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक निरंतर जारी रहेगी।

5 से 8 दिसंबर तक कंट्रोल टेबल एवं ड्राफ्ट रोल की तैयारियों को अद्यतन किया जाएगा। इसके पश्चात 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावा–आपत्तियों का निपटान 31 जनवरी तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जबकि मतदाता सूची की शुद्धता के परीक्षण उपरांत 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मायानंद चंद्रा ने बताया कि, गणना पत्रक भरने हेतु सभी मतदाता अपनी 2 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो तैयार रखें।

## फांसी के फंदे से लटकती मिली छात्रा की लाश, गांव में सनसनी

**लोरमी।** ग्राम धोन्धापारा निवासी ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा की लाश घर में फंदे से लटकती हुई मिली, जिससे गांव सहित पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह लगभग 9.30 बजे लालपुर पुलिस को सूचना मिली कि, ग्राम धोन्धापारा निवासी ईश्वर जोशी की 17 वर्षीय 11वीं में पढ़ने वाली पुत्री रोशनी जोशी की लाश उसके ही घर में चुनरी से लटकती हुई मिली है। पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर शव को फंदे से नीचे उतारकर कर पंचनामा कराया एवं शव को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि, रोशनी जोशी कक्षा 11वीं की छात्रा थी और नैना विद्या मंदिर विद्यालय बरमपुर में पड़ती थी। सोमवार को घटना के समय मृतका घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता मजदूरी करने के लिए गांव से बाहर गए हुए थे। घर में आमतौर पर वह अपनी बड़ी बहन और बड़े भाई के साथ रहती थी, लेकिन घटना वाले दिन सुबह के समय वह कुछ देर के लिए अकेली रह गई। इसी दौरान यह घटना हो गई। घर आने पर परिजनों ने देखा कि, उनकी पुत्री रोशनी घर के एक कमरे में मेयार के सहारे चुनरी के फंदे से लटक रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### राज्योत्सव पर पूर्व सैनिकों का सम्मान

**लोरमी।** ग्राम रहंगी में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सेंट्रल लाइब्रेरी के इंचार्ज धनंजय पांडे, पीके चंद्रसार भूतपूर्व पैरा कमांडो, निवास पूर्व वायु फोर्स ऑफिसर, सुमित्रा कोरी, जगदीश साहू व उमाशंकर साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में रहंगी के सरपंच सुखमणि भगवान सिंह पोर्ते, संध्या भोलाराम साहू, रामातार साहू, जीत कोसले, पुष्पकांत शर्मा, मनहरण साहू, जलेश्वर साहू, श्याम मुकुंद साहू, फागूराम साहू, मनीष तिवारी, महावीर साहू, सुदर्शन साहू, हुबलाल साहू, प्रकाश पोर्ते, मेला राम बशोर, विश्राम साहू, पवन जायसवाल, तुलाराम साहू ,पोसागिल वर्मा, यश कुमार साहू, बलराम बुनकर, समारू साहू, मनोज साहू, रामप्रसाद ध्रुव, स्वारत निषाद, सहित ग्राम के बुजुर्ग व युवा उपस्थित रहे।

### काठाकोनी मंडल में एसआईआर कार्यशाला का आयोजन

# मतदाता सूची की शुद्धता ही निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद: संतोष



सकरी। प्रत्येक बीएलए 2 को अपने बूथ की मतदाता सूची का गहन अध्ययन कर उसमें सुधार और अद्यतन की जिम्मेदारी निभानी है। मतदाता सूची की शुद्धता ही निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद है। विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र को सशक्त करने की प्रक्रिया है। उक्त बातें भाजपा मंडल काठाकोनी के ग्राम खम्हरिया में बूथ लेवल एजेंट्स के लिए आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कही।

उन्होंने सभी बीएलए 2 को एसआईआर के संबंध में प्रशिक्षण दिया, और सभी एजेंटों को अपने बूथ में सक्रिय रहने की बात कही। जनपद सभापति मनहरण कौशिक ने कहा कि, हर बीएलए को अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य करना है, और यह सुनिश्चित करना है कि, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काटा जाए, और पात्र नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाए। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर ने कहा कि, मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर करने का यह सर्वोत्तम अवसर है, इसमें भागीदारी निभाते हुए हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अश्वनी साहू एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री शैलेन्द्र कौशिक ने किया। इस अवसर पर प्रवीण तिवारी, आनंद अवस्थी, विनोद कौशिक, रामफल निर्मलकर, वीरेंद्र कौशिक, श्रीराम साहू, अकबर पटेल, हरीशचन्द्र साहू, विजय यादव, सुरेश कुमार कौशिक, चंद्रप्रकाश कौशिक, भगवानदिन श्रीवास, लक्की दास, नरेंद्र कुमार कौशिक, गोविंद कौशिक, सुधीर दास, गंगाराम सिंगरौल, डिडेशवर साहू, राजू सिंगरौल, विजय सिंगरौल, आनंद कुमार साहू, संजय साहू, महेश कुमार, ओमप्रकाश निर्मलकर, नन्दलाल कौशिक, रतनलाल महरा, रविकांत धनकर, लक्ष्मी कर्ष, रघुवीर कौशिक, लक्ष्मीचंद्र निर्मलकर, भास्कर वर्मा, बलवंत मरकाम, नरेंद्र कुमार यादव, पुन्नुराम पटेल, राजेश कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार कोशले, राहुल कौशिक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दशरंगपुर में 71 छात्राओं को प्रदान की गई साइकिल



**जरहागांव।** दशरंगपुर शासकीय उमा विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे।

■ साइकिल छात्राओं के आत्मनिर्भरता व आत्मविश्वास का प्रतीक : माहले

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं ने 'वंदे मातरम' गयन कर किया। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, शासन की यह योजना विद्यार्थियों के शैक्षणिक और शारीरिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक मोहले ने इस अवसर पर विद्यालय के लिए एक अतिरिक्त कक्षा निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने की। कार्यक्रम में जिपं देवचरण भास्कर, पद्मनी मोहले, मानसिंह मोहले, सरपंच लक्ष्मीचन्द मोहले, जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे, जिला मिशन समन्वयक अशोक कश्यप, एपीसी यूके शर्मा, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अतिथियों ने 71 छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता योगेंद्र भास्कर एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता संगीता ने किया।

# धरमलाल ने परशुराम भवन निर्माण के लिए दिए 25 लाख



**बोदरी।** कुछ दिनों पहले बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने बोदरी स्थित मोतीलाल पेट्रोल पंप के पास परशुराम भवन प्रांगण में भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपए की राशि विधायक निधि से देने की घोषणा की थी। इसके लिए विप्र समाज प्रमुख मंटू तिवारी ने समाज की तरफ से विधायक धरमलाल कौशिक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विप्र समाज के वरिष्ठजन केजू शर्मा, लक्ष्मी नारायण दुबे, अशोक तिवारी, दिनेश पांडे, गोवर्धन तिवारी, नरेन्द्र दुबे, एमके पांडेय, विजय शंकर शर्मा, राजेश शर्मा, ब्रजेश शर्मा, मनोज पांडे, मनीष शर्मा, कुशल पांडे, दिवाकर दुबे, महेंद्र उपाध्याय, अभिषेक दुबे, मुरली शर्मा, जगदीश मिश्रा, अभिषेक तिवारी, यशवंत मिश्रा, राजकुमार उपाध्याय, प्रहलाद उपाध्याय, रितेश दीक्षित, निक्कू शर्मा, राकेश मिश्रा, ललित तिवारी, सुमित पांडे आदि मौजूद थे।

## निधन

### सरोज शर्मा



**कांकेर।** कांकेर निवासी सरोज शर्मा का 11 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 नवंबर को सुबह 9.30 बजे उनके निवास बरदेभाटा कांकेर से श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे राजेश शर्मा की माता एवं स्व. बंशीलाल शर्मा की धर्मपत्नी, नथमल शर्मा की बड़ी भाभी थीं।

### रीना कंवर



**बिलासपुर।** गुरुविहार सरकंडा निवासी रीना कंवर का 11 नवंबर को निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थीं। उनका दाह संस्कार 12 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शरद कुमार कंवर की पत्नी थीं।

### अंगूरी देवी अग्रवाल



**बिलासपुर।** जेपी पार्क तोरवा निवासी अंगूरी देवी पति स्व. रामदयाल अग्रवाल बिल्हा वाले का 11 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गोवर्धन और मनीष अग्रवाल की माता थीं।

### शारदामणि क्षत्रिय



**बिलासपुर।** मुंगेली: दाऊपारा निवासी शारदामणि क्षत्रिय का 54 वर्ष की आयु में 11 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 नवंबर को सुबह 10 बजे दाऊपारा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कौशल सिंह क्षत्रिय की पत्नी थीं।

### बूंदू बाई गुप्ता



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी बूंदू बाई गुप्ता पति स्व. शिव गुप्ता का 11 नवंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार कल 12 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे मधुबन में होगा। वे रामेश्वर गुप्ता एवं गोरेलाल गुप्ता की माता थीं।

### शरद केसरी



**बिलासपुर।** दयालबंद टिकरापारा निवासी शरद केसरी का 11 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 नवंबर बुधवार को दोपहर 3 बजे दयालबंद मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व बद्री प्रसाद केसरी के सुपुत्र, स्व सुभाष चंद्र केसरी, राम केसरी के भाई थे।

### रंजीत राठौर



**पथरिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी रंजीत राठौर का 38 वर्ष की आयु में 11 नवंबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार बुधवार को नगर के मुक्तिधाम मे किया जाएगा। वे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी रवि राठौर के बड़े भाई थे।

### आलोक भट्ट



**बिलासपुर।** विद्यानगर निवासी आलोक भट्ट का 70 वर्ष की आयु में 11 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में 12 नवंबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे स्व. अरुण कुमार भट्ट के पुत्र व अशोक, अजय, अमिताभ, आशुतोष भट्ट के भाई तथा अभ्युदय भट्ट के पिता थे।


**न्यायालय तहसीलदार, कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.–ब–121/2014–15
ग्राम–पीपरतराई

एतद द्वारा सर्व साधारण एव हितबद्ध पक्षकार ग्राम...प.ह.न.... .रा.नि.म....तहसील कोटा जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश लहरे पिता श्री पंचराम लहरे निवासी पीपरतराई द्वारा अपने दादा मोहर साय लहरे की जन्म/मृत्यु दिनांक 27/05/1987 का ग्राम पीपरतराई में होने का प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पेश किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यकित को यदि कोई आपत्ति हो तो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 25/11/25 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

आज दिनांक 10/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
कोटा

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. अ–63/2024–25
ग्राम तुरकाडीह, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तुरकाडीह, प.ह.न. 54 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीरा बाई पति स्व. श्री गंगाराम पटेल निवासी ग्राम तुरकाडीह तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम तुरकाडीह प.ह.न. 54 रा.नि.म. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 89 रकबा 0.227 हे. भूमि परिवार के बुजुर्गों द्वारा दान में दिया गया था जो कि वर्तमान ऑनलाइन रिकार्ड में आवेदिका के चाचा ससुर के नाम पर दिखा रहा है। जिसे आनलाईन रिकार्ड में आवेदिका के नाम सुधार किये जाने हेतु धारा 115 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के तहत आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 19.11.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 10.11.2025

प्रति,
1. गोविन्द प्रसाद पिता दुर्गा प्रसाद 2. हरीश गेमनानी 3. बी.एन. झा 4. मृदुल झा 5. उभरानी जी एवं अन्य सर्व संबंधित हित( समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)
**विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।**
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/ तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक गोविंद प्रसाद निवासी तोरवा के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 40/4 रकबा 1266 व.फु. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 19.11.2025 को समय 11 से 5 बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।
टीप: आवेदक सीमाचिंह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 10.11.2025

प्रति,
1. जितेन्द्र कुमार सिंह 2. मृदुल झा 3. उभरानी जी 4. हरीश गेमनानी 5. बी.एन. झा अन्य सर्व संबंधित हितबद्ध पक्षकार (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
**विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।**
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/ तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक जितेन्द्र कुमार सिंह निवासी हेमू नगर तोरवा के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 40/1 रकबा 1132 व.फु. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 19.11.2025 को समय 11 से 5 बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।
टीप: आवेदक सीमाचिंह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
(पेपर प्रकाशन)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.....ग्राम अरईबंद प.ह.नं. 57 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति,
**आकाश खाण्डे बनाम छ.ग. शासन**

एतद् द्वारा ग्राम अरईबंद प.ह.नं. 57 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश खाण्डे पिता जनार्दन खाण्डे जाति सतनामी निवासी ग्राम अरईबंद तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने दादा स्व. समारूराम खाण्डे पिता सोनसाय खाण्डे का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण वर्तमान में अपने दादा का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने दादा का मृत्यु दिनांक 17/06/2023 को ग्राम अरईबंद प.ह.नं. 57 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपने दादा का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 14/11/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तखतपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मूल भू–स्वामी रंजीत कुमार पिता राधेश्याम शर्मा के हक, स्वामित्व की भूमि मौजा चांटीडीह, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. तह. व जिला बिलासपुर में ख.नं. 214/3, 220/2 कुल रकबा 10718 वर्गफुट स्थित है। जिसका मुख्तियारआम आकाश पाण्डेय पिता स्व.राजेश पाण्डेय है। उक्त भूमि में से 1750 वर्गफुट को रविचन्द्र साहू पिता स्व. बाबूलाल साहू द्वारा क्रय करने का अनुबंध किया गया है। उक्त अनुबंधित भूमि को रविचन्द्र साहू से मेरे पक्षकार अमित कुमार साहू एवं रविचन्द्र साहू दोनों पिता गुलाबचंद साहू, निवासी चिंगराजपारा बिलासपुर द्वारा मौखिक सौदा किया गया है एवं जल्द ही पंजीयन कराने वाले है। उक्त संव्यवहार पर किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक / निकाय को अपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त अवधि के पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अस्तू सो सूचना जाने।
दिनांक: 12/11/25

**राममनोहर दुबे**
**(अधिवक्ता)**
**पता-मेन रोड़, सरकंडा बिलासपुर**
**मो.नं.-9827173623,**
**क्रेता - 9993307314**


**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**


क्रमांक क/ /वाचक/अति–कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 11.11.2025

श्री प्रशान्त तिर्की आत्मज स्व. अल्बर्ट तिर्की माता श्रीमती लिवनी तिर्की उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम बुढ़ाडांड कोर्कोटपारा–3 पो. मुसगुटरी थाना व तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.)
एवं कुमारी जूही साक्षी कुजूर पिता श्री लेयोस कुजूर निवासी सेक्टर–2 गंगानगर मंगला थाना सिविल लाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा–5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.12.2025 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



प्रशान्त तिर्की



जूही साक्षी कुजूर

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा शंकर नगर कचना नगर रायपुर स्थित भूमि के खसरा नंबर 15016 रकबा 0.2210 हेक्टेयर, खसरा नंबर 1211/1/JHA/ 16, रकबा 0.207 हेक्टेयर खसरा नंबर 15016 रकबा 0.2 खसरा नंबर 15016 रकबा 0.325, इसी प्रकार मौजा सड्डू रायपुर भूमि स्थित जिसका खसरा नंबर 7/92 रकबा 0.837 हेक्टेयर है। इसी प्रकार रायपुर स्थित व्ही आई पी सिटी ई–4 में मकान तथा व्ही आई पी सिटी सी 15 में मकान, जिसका खसरा नंबर 15004/21 रकबा 0.022 हेक्टेयर है तथा व्ही आई पी सिटी सी 15 रायपुर में स्थित मकान का खसरा नंबर 15004/48 रकबा 0.014 हेक्टेयर है। इसी प्रकार रायपुर स्थित व्ही आई पी करिश्मा अपार्टमेंट में डी–1 फ्लैट नंबर 602 और 603 स्थित है। इसी प्रकार बिल्हा बिलासपुर मे खसरा नंबर 444/2 रकबा 0.579 हेक्टेयर भूमि है। इस प्रकार बिलासपुर में कुटेला मस्तुरी में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 67, 63, 93, 88/2, 72, 116, 103/2, 124/2, 90, 112/1, 88/1, 88/2, 103/3, 154, 100/2, 151, 79, 85, 146, 81/1. 100/1, 103/1, 112/2, 146, 151 रकबा क्रमश: 0.579 हेक्टेयर, 0.283, 0.194 +0.259, 0.142, 0.186 0.445, 0.299, 0.227, 0.458 + 0.250 0.142, 0.182 + 0.372 0.097 + 0.304, 0.303, 0.814 + 0.790 + 0.790, 0.182, 0.299+ 0.372, 0.2510 + 0.7980 + 0.3040 भूमि स्थित है। इसी प्रकार किम्स हॉस्पिटल उपरोक्त सम्पूर्ण भूमि प्लाट और हॉस्पिटल स्व. श्री वाय. आर. कृष्णा के नाम पर दर्ज थी, उनकी मृत्यु पश्चात उनके वारिस उनकी पत्नी श्रीमती वाय. कमला, वाय. राजशेखर, वाय. रवि और पल्लवी संकावली के नाम पर दर्ज हो चुका है।

उपरोक्त सम्पूर्ण भूमि प्लाट और हॉस्पिटल के संबंधों में विवाद है, यदि कोई भी व्यक्ति बैंक संस्था, या निकाय उपरोक्त वर्णित भूमि, प्लाट या हॉस्पिटल के संबंध में कय विक्रय करने का प्रयास करता है

तो इसके लिये वह स्वत: ही जवाबदार होगा, इसलिये इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति को कय विक्रय करने की कोशिश न करें। सो सूचना जानें।
दिनांक– 11/11/25

**भवदीय**
**श्रीमती वाय. कमला**
**पति श्री वाय. आर कृष्णा**
**निवासी - अग्रसेन चौक बिलासपुर**
**तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-76940-06589**

## खबर संक्षेप

### अटल बिहारी वाजपेयी विवि ने दी नीलम को पीएचडी की उपाधि



**सरगांव।** वार्ड क्रमांक 6 निवासी नीलम पुष्कर कौशिक को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोध कार्य बिलासपुर ई राघवेंद्र राव महाविद्यालय की रसायन शास्त्र विषय की सहायक प्राध्यापिका डॉ रीता बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इनके शोध का विषय 'ए कम्परेटिव स्टडी ऑफ ट्रेस एलिमेंट्स एंड हैवी मेटल्स इन आयुर्वैदिक मेडिसिन्स ऑफ डिफरेन्ट ब्रांडस' था।

### विनीता को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान



**सरगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला गोइंद्रा की शिक्षिका विनीता दिनेश गेंदले को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमन्त्री गौरव अलंकरण पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। पर विनीता की उपलब्धि पर शाला परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विनीता दिनेश गेंदले ने विशेष तैयारी के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, नवोदय विद्यालय, उत्कर्ष विद्यालय, एवं एकलव्य विद्यालय में 22 बच्चों का चयन कराया है। समय समय पर उनको उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन भी मिलता रहा है।

### श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में वामन अवतार का वर्णन

**तखतपुर।** पडरिया रोड निवासी रवि क्षत्री के निवास पर श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन



किया जा रहा है। चौथे दिन की कथा में भगवान वामन के वामन अवतार और भगवान श्रीकृष्ण की जन्म की लीलाओं का वर्णन किया गया। वाचक पं आशुतोष चैतन्य ने बताया कि, कैसे भगवान वामन ने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी, और कैसे उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान उनके द्वारपाल बन गए। उन्होंने दो पग में पूरी पृथ्वी और पाताल लोक को माप लिया। तीसरे पग के लिए जब बलि ने अपना सिर झुकाया, तो भगवान उनके द्वारपाल बन गए। इसके बाद कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया एवं उनका जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर रवि सिंह, रागीनी सिंह, रामस्नेही सिंह, रामू सिंह क्षत्री, चंचल कारड़ा, मोना कारड़ा, राजेश्वर दीवान, आशुतोष द्विवेदी, अनिंद त्रिपाठी, नटराज सिंह, भारत तोलानी, लक्ष्मी दयाल पटेल, मनीष सोनी, नरेंद्र टांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मन्दिर में वंदे मातरम का गायन



**मस्तूरी।** ग्राम हिर्री के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भारत माता को समर्पित 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक गोवर्धन प्रसाद साहू, गोपाल साहू, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य चूड़ामणि पटेल, आचार्य ओमशंकर शर्मा, प्रमोद कैवर्त, अश्वनी यादव, देवेश कुमार खांडेकर, बिंदु यादव, हेमलता साहू, उषा पटेल, स्वाती मरावी, नन्दनी साहू, धन प्रिया पटेल सहित समस्त छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया।

### दुर्गावती गर्ल्स कॉलेज में मना राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह



**तखतपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या महाविद्यालय तखतपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में एकता और अखंडता की भावना जागृत करने हेतु विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध लेखन, वाद-विवाद, पेंटिंग तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता शामिल थीं। प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी, अखंड भारत निर्माण में उनकी भूमिका व योगदान था। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रतना खांडे, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डॉली चंद्रभास एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेया स्वर्णम ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक प्राचार्य डॉ शुभदा रहलकर एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक रहे। कार्यक्रम का समन्वयन शशांक सिंह राठौर ने किया।

## लोगों को नहीं मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

# सचिवों के नदारद होने से सचिवालयों में लटक रहे ताले, ग्रामीण हो रहे परेशान



1 2 3 4

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

जनपद क्षेत्र के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में सचिवालय नियमित नहीं खुलने के कारण ग्राम पंचायत सचिव अपने घर से ही हाजरी लगा रहे।

सप्ताह के पहले दिन सोमवार को ही दर्जन भर ग्राम पंचायत के सचिवालय बंद मिले, वहीं मंगलवार को भी आधा दर्जन ग्राम पंचायत के सचिवालय नहीं खुले एवं ग्राम पंचायत सेंदरी, पिपरलोड, मरकोंना, परसदा, सोढ़ी मराठी जैसे विभिन्न पंचायत बंद रहे। नियमित सचिवालय नहीं खुलने से जहां शासकीय योजनाओं का सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है, वहीं ग्रामीण अपना काम कराने जनपद के चक्कर काट रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो, सचिव अपनी सुविधा के अनुसार आते जाते हैं, और शासकीय कार्य या जनपद में कई अन्य कार्य बताकर चले जाते हैं। पंचायत नियमित खुले इसके लिए शासन की ओर से समय-समय पर कई आदेश निर्देश जारी किए गए, आदेश का पालन कराने निरीक्षण के लिए अधिकारी भी नियुक्त हैं, लेकिन क्षेत्र के पंचायत सचिवालय नियमित नहीं खुल रहे हैं।

**जिम्मेदार अधिकारी नहीं करते निरीक्षण**

पंचायतों में स्थित सचिवालय नियमित खुलें, इसके लिए नियुक्त अधिकारी मौके का दौरा नहीं करते हैं, महज कागजों में भ्रमण का प्रतिवेदन बना कर खानीपूर्ति की जा रही है। यही कारण है कि, सचिवालय नहीं खुल रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि, अधिकारियों को इसकी जानकारी भी नहीं होती। जब अधिकारियों को इस संबंध में बताया जाता है, बंद पंचायतों की सूची मांगी जाती है।

**ग्रामीणों को नहीं मिलती है सुविधा**

शासन के नियमानुसार ग्राम पंचायत स्थित सचिवालय नियमित खुलना चाहिए है, क्योंकि सचिवालय से ही शासन की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन होता है। हितग्राहियों से आवेदन से लेकर शिकायत भी यहीं दर्ज की जाती है। ग्राम पंचायत सचिवालय एक तरह से सरकार और जनता के संवाद का माध्यम की तरह होता है। ऐसे में सचिवालय बंद होने से ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ।

**नोटिस जारी करेंगे**

ग्राम पंचायत भवन को नियमित रूप से रोजाना खोलना है, अगर कोई पंचायत बंद पाई जाती है तो संबंधित सचिव को नोटिस जारी किया जाएगा।

- प्रदीप प्रधान, जनपद सीईओ



परेड में शामिल जवान।

## सीआईएसएफ ने निकाली जनजागरण बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत एनटीपीसी की सीआईएसएफ यूनिट ने सोमवार को नगर में भव्य जन जागरण बाइक रैली का आयोजन किया।

देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की प्रतीक इस रैली में सीआईएसएफ के अधिकारी एवं जवानों ने देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए राष्ट्र भावना से ओत-प्रोत नारों के साथ पूरे सीपत नगर को गूंजा दिया। बाइक रैली एनटीपीसी कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई एनटीपीसी स्टेडियम पहुंची, जहां राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत की मधुर धुनों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्टेडियम परिसर में बाल भारती स्कूल एनटीपीसी के बच्चों ने सुमधुर स्वर में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की प्रस्तुति देकर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। समापन अवसर पर सीआईएसएफ यूनिट प्रमुख डिप्टी कमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी ने जवानों को राष्ट्रसेवा में सदैव त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने हेतु एनटीपीसी प्रबंधन, नगरवासियों, बाल भारती स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## ब्राह्मण समाज का राष्ट्र स्तरीय परिचय सम्मेलन 16 को

**मस्तूरी।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की मासिक बैठक प्रदेश कार्यालय रायपुर में हुई, जिसमें संगठन द्वारा 16 नवंबर को विप्र भवन समता कॉलोनी में आयोजित राष्ट्र स्तरीय वैवाहिकी परिचय सम्मेलन कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने कार्यक्रम के रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि, उपरोक्त परिचय सम्मेलन में देश के सर्व ब्राह्मण के युवक-युवती, विधवा एवं विधुर अपना परिचय देंगे। अभी तक लगभग 150 रजिस्ट्रेशन हो चुका है। छत्तीसगढ़ के अलावा उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि से लगभग 50 रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। आयोजन की तिथि तक लगभग 500 रजिस्ट्रेशन होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि, उपस्थित इच्छुक लड़के एवं लड़कियों के रिश्तेदार उनसे चर्चा करेंगे, जिसके लिए अलग से काउंसिंग रूम रहेगा। साथ ही कुंडली मिलान हेतु ज्योतिष भी उपस्थित रहेंगे। ब्राह्मण समाज के इच्छुक युवक-युवती रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक में प्रतीक तिवारी, अवधेश दिवान, जितेंद्र पांडेय, अमित मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, सुनीता तिवारी, निवेदिता मिश्रा, उमा तिवारी, सविता वीरेंद्र शर्मा, लक्की दुबे, अनिल दुबे, पराग मिश्रा, राकेश दुबे, मनोरमा त्रिपाठी, काव्य त्रिपाठी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पराग मिश्रा ने दी।

## भगवान की हर लीला के पीछे का उद्देश्य होता है भक्तों का उद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नगर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक कृष्णप्रिया ने कहा कि, अगर आप अपने मन मे हर समय ये विचार रखते हैं कि भगवान आपको ही देख रहे हैं तो, आपका मन मलीन नहीं होगा और पाप भी नहीं होंगे।

भगवान से केवल संसार को मांगने के लिए ही न याद करें, अपितु उनसे उन्हें ही मांगे, और जो कुछ आपको प्राप्त है उसके लिए उनका आभार भी व्यक्त करें। आप जैसे भी हैं अच्छे-बुरे, क्रोधी-लोभी, सकारात्मक-नकारात्मक सच्चे मन से प्रभु की शरण ग्रहण करें। उन्होंने बताया कि, आजकल के लोग भगवान कृष्ण व उनकी लीलाओं को मानवीय समझते हैं, और फिजूल वाद-विवाद करते हैं। वे अपनी मति के अनुसार ही



भगवान की चीर हरण लीला, माखन चोरी लीला, गोवर्धन लीला, रासलीला इत्यादि लीलाओं का अर्थ समझते हैं, लेकिन वे इन लीलाओं के पीछे छिपे रहस्यों को समझने का प्रयास नहीं करते। भगवान की हर लीला के पीछे भक्तों का उद्धार और कोई विशेष संदेश छिपा होता है, जिसे केवल भगवत कथा व प्रेम द्वारा ही समझा जा सकता है। इसलिए श्रीमद्भागवत कथा को सबसे श्रेष्ठ ग्रन्थ बताया गया है। कथा में देवी जी ने बताया कि, आज के कुछ मनुष्य ने अपनी स्थिति को बिगाड़ लिया है। जहां विदेशी हमारी संस्कृति को अपना रहे हैं, वहीं भारतीय लोग अपने धर्म से विमुख होते जा रहे हैं। आज हमारा खान-पान, रहन-सहन, बात-चीत सबकुछ पश्चिमी सभ्यता की ओर आरुण है। सभी से निवेदन करते हुए दीदीजी ने कहा कि, आप सभी हमारे धर्म व संस्कृति को जाने तथा उसका अनुसरण करें। वेद-शास्त्रों का अध्ययन करें, जीवो के प्रति दया भावना लाएं और स्वयं को ईश्वर की भक्ति में लगाएं। कथा के अनेकों ज्ञानवर्धक प्रसंगों के साथ देवीजी के मधुर भजनों पर भक्तजन झूमते नजर आए। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल सहित जिंदल परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## निबंध प्रतियोगिता में शिवांचल को देश में तीसरा स्थान



**मरवाही।** मरवाही निवासी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा के स्वयं सेवक शिवांचल राय ने विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता में देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर कलेक्टर लीला कमलेश मंडावी ने शिवांचल राय को कार्यालय में सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया एवं उन्हें मन लगाकर आगे की पढ़ाई करने हेतु प्ररित किया। शिवांचल राय नेशनल ऑनलाइन एसे राइटिंग कंपटीशन 2025 में डिजिटल इंडिया में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की भूमिका विषय पर हुए निबंध में भाग लिया, तथा उन्हें हिंदी भाषा वर्ग में तीसरा स्थान मिला है। उन्हें 16 नवंबर को दिल्ली में भारत मंडपम में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के संजय मूर्ति के हाथों सम्मानित किया जाएगा। निबंध परीक्षा में लगभग 57 हजार परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। शिवांचल ने बताया कि उनकी पुरा मरवाही और जिला शिवांचल की इस उपलब्धि पर गौरवान्वित है।

## क्रिकेटः खपराखोल की टीम बनी विजेता



ट्राफी व अतिथियों के साथ विजेता टीम।

**लोरमी।** ग्राम झझपुरी में स्व सुरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच में खपराखोल की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता जीतने पर खपराखोल की टीम को मुख्य अतिथि विनय साहू के हाथों से नकद पुरुस्कार एवं शील्ड प्रदान किया गया।

इस मौके पर विनय साहू ने कहा कि, सभी टीमों ने पूरे उत्साह के साथ इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। जो प्रतिभागी विजेता हुए हैं वो और श्रेष्ठ के प्रदर्शन करने का प्रयास करें एवं जो विजेता नहीं हुए वे अपने खुद को बेहतर करने का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन सुभाष साहू ने किया एवं आभार प्रकट इंदिरा टीकाराम साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच भुवनेश्वरी हरेराम साहू ने किया। इस अवसर पर धनीराम यादव, दिनेश साहू, सुशील यादव अध्यक्ष भाजपा मंडल, संदीप सोनी महामंत्री भाजपा, सरस्वती कमल राजपूत जपं सदस्य, डॉ रूपेश साहू विजय यादव, भागवत साहू, राधे यादव, आशु वैष्णव, नरेंद्र मरकाम, कृष्ण मोहन दास वैष्णव, होरीराम साहू, भूषण शेखर, कमलेश साहू, रामनाथ साहू, लोमश वैष्णव, गोलू मानिकपुरी, नरेंद्र मरकाम उपस्थित रहे।

## यूनिटी मार्च का आयोजन कल

**मुंगेली।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 13 नवंबर को जिले में 'यूनिटी मार्च' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका लोरमी में दोपहर 12 से 2 बजे और मुंगेली में शाम 3 से 5 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का सशक्त संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर एनसीसी, एनएसएस, स्कूल और कॉलेजों के हजारों छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। युवा प्रतिभागी एकता के प्रतीक सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देंगे। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर कुमार ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर की। उन्होंने कार्यक्रम के भव्य एवं गरिमामय आयोजन के लिए टेंट, माइक–साउंड, जलपान, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीयराज्य मंत्री तोखन साहू तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## मुख्य मार्ग पर शराब दुकान खुलने से ग्रामीण आक्रोशित

**पुरुष एवं महिलाओं के साथ स्कूली बच्चों ने किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा-मुंगेली

ग्राम सिपाही-सेतगंगा पहुंच मार्ग पर प्रस्तावित सरकारी शराब दुकान खोले जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। गांव के पुरुष एवं महिलाओं के साथ स्कूल के छोटे–छोटे बच्चे भी हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मार्ग पर शराब दुकान खुलती है, तो महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक वातावरण तथा शांति व्यवस्था पर प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों ने शिकायत में कहा है कि, ग्राम सिपाही से सेतगंगा को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग रोज 200 से अधिक बच्चों, महिलाओं और ग्रामीणों के आवागमन का जरिया है। ऐसे में इसी मार्ग पर शराब दुकान खोले जाने के प्रस्ताव ने ग्रामीणों में



ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करते स्कूली बच्चे।

नाराजगी बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि, दुकान खुलने से महिलाओं की सुरक्षा, बच्चों की मानसिक स्थिति और गांव की शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

इस दौरान स्कूली बच्चों ने हाथों में 'हमें शराब नहीं शिक्षा दो, हमारे भविष्य को सुरक्षित करने की भिक्षा दो' जैसी तख्तियां लेकर विरोध जताया। बच्चों ने कहा कि, शराब दुकान खुलने पर उन्हें रोज स्कूल आते-जाते वक्त असुरक्षा महसूस होगी। छात्राओं का यह भी कहना है कि, हम रोज इसी रास्ते से स्कूल जाते हैं, अगर यहां शराब दुकान खुलेगी तो हमें डर लगेगा। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर शराब दुकान को इस क्षेत्र से दूर किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि, यदि प्रशासन ने उचित निर्णय नहीं लिया, तो वे शांतिपूर्ण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। स्कूली बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जिससे हड़कंप मच गया।

## प्रदेश के 16 जिलों में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता

# अस्मिता एथलेटिक्स में जिले की बालिकाओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में 'अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025' का आयोजन मंगलवार 10 नवंबर को फिजिकल कॉलेज खेल मैदान पेंड्रा में किया गया। यह प्रतियोगिता पूरे देश के 300 जिलों और छत्तीसगढ़ के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, जिनमें जीपीएम भी शामिल है।

इस लीग का उद्देश्य देश भर से बालिका एथलीट्स की प्रतिभा की पहचान कर ग्रासरूट स्तर पर चयन करना है। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ के तीन जिलों सहित देश के 40 जिलों में एक साथ हुई।प्रतियोगिता में 14 वर्ष एवं 16 वर्ष आयु वर्ग की



खिलाड़ी को मैडल देते अतिथि।

बालिकाओं ने दौड़, कूद और थ्रो जैसी विभिन्न विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने प्रदर्शन से आयोजन को सफल बनाया। समापन एवं मेडल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, समाजसेवी पवन सुल्तानिया, निर्माण जायसवाल, टिकादास मरावी एवं सुनीता सिंह उपस्थित रहे। एएफआई से जेएस भाटिया एवं स्नेह यादव ऑब्जर्वर के रूप में मौजूद रहे। ऑफिशियल के रूप में प्रमोद धीवर, स्वाति पांडेय, अनुराग त्रिवेदी, अंकित राठौर, ज्ञानेंद्र जायसवाल, पुष्पा निषाद, प्रिया सिंह और अभिजीत नायक के साथ फिजिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण सहयोग किया। इस मौके पर जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि, अस्मिता एथलेटिक्स लीग बालिका एथलीट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने कहा कि, एथलेटिक्स मातृ खेल है, और इस खेल में हमारे जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं। ऐसे आयोजन निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्तर पर पदक की संभावनाएं बढ़ाते हैं।

## नवजात की मौत के मामले में जिला अस्पताल ने दिया स्पष्टीकरण

**मुंगेली।** जिला अस्पताल में नवजात बच्चे की मृत्यु के संबंध में जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया है। गौरतलब है कि, जिला अस्पताल में 3-4 दिन पूर्व बेमेतरा निवासी मधु गिरी पति दुर्गेश गिरी ने सामान्य प्रसव से एक नवजात पुत्र को जन्म दिया था। रविवार को लगभग 10.30 बजे नवजात को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बीसीजी वैक्सीन एवं ओपीवी की खुराक दी गई थी। इसके थोड़ी ही देर बाद बच्चे की मौत हो गई थी।

इस घटना के बाद परिजनों ने वैक्सीनेशन पर संदेह व्यक्त किया। इस संबंध में जिला अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, उसी वैक्सीन वायल से अन्य 7 नवजात शिशुओं को भी टीका लगाया गया था, जो सभी पूरी तरह सो स्वस्थ हैं। यदि वैक्सीन में कोई दोष या दुष्प्रभाव होता, तो अन्य बच्चों पर भी उसका प्रभाव दिखता। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम एवं जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच के अनुसार, नवजात की मृत्यु का कारण जन्मजात हृदय रोग अथवा दूध के श्वसन नली में चले जाने जैसी चिकित्सकीय स्थिति हो सकती है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि नवजात के माता-पिता को पोस्टमार्टम कर मृत्यु के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए कहा गया था, किंतु वे इसके लिए सहमत नहीं हुए और शिशु का शव लेकर घर चले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की जांच समिति गठित कर दी है, जो नवजात की मृत्यु की परिस्थितियों और कारणों की विस्तृत जांच करेगी।

## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर महिला से ठगी

**बिलासपुर।** नौकरी लगाने के नाम पर महिला से 11 लाख रुपए की ठगी कर ली गई । सिविल लाइन पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है । कोरबा निवासी प्रार्थिया साधना यादव पिता मनोहरण लाल यादव उम्र 30 वर्ष ने मामले में शिकायत दर्ज कराई है। महिला के मुताबिक वह जेलगांव थाना दर्री हाल मुकाम रतनपुर जिला बिलासपुर की रहने वाली है। एक साल पूर्व शादी डाट कम के माध्यम से उसकी पवन कुमार यादव पिता शंकर लाल यादव निवासी पामगढ़ डुडगा जिला जांजगीर चांपा का रहने वाले के साथ जान पहचान हुई थी । इसके बाद मोबाईल के माध्यम से दोनों की बात होने लगी। अक्टूबर 2024 में पवन कुमार यादव ने महिला को बिल्हा के सरकारी अस्पताल में नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख देने कहा। महिला ने रामा मैग्नेटो माल में नकदी रकम 3 लाख रुपए आरोपी को दिए। इसके बाद अधिकारी बदल गया है कहकर 11 से 12 लाख रुपए लगने की बात कही तो महिला ने आरोपी को 11 लाख दे भी दिया। इसके बाद आरोपी पवन कुमार ने महिला से बातचीत लगभग बंद कर दी और फोन उठाना भी बंद कर दिया। कई बार संपर्क करने के बाद भी जब आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया तो महिला ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रेल हादसे में एक और मौत, अब तक 12 मौत

**बिलासपुर।** 4 नवंबर को मालगाड़ी से लोकल की टक्कर के हादसे में मंगलवार की रात एक और घायल यात्री की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मेहविश परवीन 19 साल जांजगीर से बिलासपुर तक सफर कर रही थी। मेहविश डीपी कालेज की छात्रा थी, जो ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसका बैग और मोबाईल क्षतिग्रस्त कोच में मिला था। उसे गंभीर अवस्था में अपोलो में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो सका और मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। मेहविश की मौत के बाद अब मृत यात्रियों की संख्या 12 हो गई है।

### बाइक सवार ने आटो व स्कूटी को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** बेलगाम सवार ने इलेक्ट्रीक आटो व स्कूटी को टक्कर मार दिया है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी गजेन्द्र राव पिता दिलीप राव सेल्लार 10 नवंबर को इलेक्ट्रीक आटो में नेहरू चौक से घर जा रहे थे। रात 10.20 बजे शेफर्ड स्कूल चौक मुंगेलीनाका की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 11 एएल, 0824 सवार युवक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी आटो को टक्कर मारकर बाजू में खड़ी रौनक सिंह राठौर की स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पति के साथ पत्नी ससुर ने की मारपीट

**बिलासपुर।** आबकारी कार्यालय के परिसर में पति के साथ पत्नी व ससुर ने मारपीट कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, खमतराई मानस वाटिका निवासी निखिल कुमार सोहगौरा ने रिपोर्ट लिखाई। वह सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय में प्लेसमेंट कर्मचारी है। 22 जून 2023 को उनकी शादी प्रतिमा शुक्ला से हुई थी। 9 फरवरी 2024 को उनकी पत्नी मायके चली गई है। 10 नवंबर को 11.15 बजे उनकी पत्नी व ससुर सुरेश शुक्ला कार्यालय परिसर में प्रवेश कर गाली गलौज करते हुए उनका कालर पकड़कर मारपीट किया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पत्नी व ससुर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सहायिका भर्ती प्रक्रिया दावा आपत्ति 20 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 93 इमलीभांठा सरकंडा एवं केंद्र क्रमांक 124 लोधीपारा सरकंडा में सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 20 नवम्बर तक जमा कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में 20 नवम्बर तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं।

---


**नाइट लैंडिंग की मिलेगी सुविधा** | **4 साल बाद रात में शुरू हो सकेगा विमान का परिचालन**

# एएआई का प्री कमीशनिंग सर्वे सफल,कल रवाना होगी टीम, रिपोर्ट अगले हफ्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



डीवीओआर मशीन की जांच के लिए आए अधिकारी।



एयरपोर्ट में स्थापित मशीन।

एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया की दो सदस्यीय टीम नाइट लैंडिंग के लिए डीवीओआर मशीन की जांच कर रही है। पिछले दो दिनो से प्री कमीशनिंग सर्वे का काम किया जा रहा है। टीम 12 नवंबर को लौट जाएगी। बताया जा रहा है कि सर्वे रिपोर्ट एएआई के हेडक्वार्टर भेजा जाएगा। जिसके बाद डीजीसीए की टीम सर्वे कर नाइट लैंडिंग की स्वीकृति दे सकेगी।

डोप्लर वेरी हाई फ्रिक्वेंसी आमनी रेंज मशीन द्वारा नाइट लैंडिंग सुविधा बिलासा एयरपोर्ट को मिलेगी। मशीन की जांच के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के दो सदस्य पिछले दो दिनों से बिलासा एयरपोर्ट का निरीक्षण कर रहे है। इस दौरान मशीन की रेंज नापी जा रही है। प्री कमीशनिंग के लिए आब्जेक्ट सर्वे किया जा रहा है। एएआई की जांच के बाद ही रिपोर्ट डीजीसीए को भेजी जा सकेगी, वहीं इस माह डीजीसीए की टीम भी बिलासा एयरपोर्ट का निरीक्षण करेगी। दो दिनों में सदस्यों ने मशीन की बारिकी से जांच की है। टीम बुधवार की सुबह काम खत्म कर दिल्ली के ही रवाना हो जाएगी। टीम द्वारा एएआई के हेडक्वार्टर को अगले हफ्ते रिपोर्ट देगी। इस दौरान एएआई के जीटी जीएम राजीव बडोनी , एजीएम संदीप राठौर, एयरपोर्ट डायरेक्टर बीएन सिंग, पी डब्ल्यूडी के अधिकारी उमंग गौराहा सहित सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### 90 दिन के बाद शुरू होगी नाइट लैंडिंग

बताया जा रहा है कि बिलासा नाइट लैंडिंग के लिए डीवीओआर का परीक्षण जरूरी है। सिग्नल परीक्षण के बाद एयरोस्पेश मैनेजमेंट यूनिट द्वारा एयरपोर्ट का भौतिक परीक्षण करेगी। इसके बाद अलग-अलग रिपोर्ट के आधार पर डीजीसीए नाइट लैंडिंग की स्वीकृति देगी। अधिकारियों के अनुसार मैनेजमेंट यूनिट द्वारा तैयार विशेष प्रोसीजर के अनुमोदन के बाद डीजीसीए नोटिस ऑफ एयरमैन जारी कर सकता है, इसके जारी होने के 90 दिनों बाद ही एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग शुरू किया जा सकेगा।

### रात में उड़ेगा विमान

बिलासा एयरपोर्ट को बने 4 साल बीत चुका है, अबतक दिन में ही फ्लाइट का परिचालन किया जा रहा है जबकि बड़े विमान ज्यादातर रात में संचालित किए जाते है। ऐसे में बिलासा एयरपोर्ट को नाइट लैंडिंग की सुविधा के साथ तैयार करने में पीडब्ल्यूडी और विमान विभाग को 4 साल का समय लग गया है। नाइट लैंडिंग की सुविधा मिलते ही रात में भी उड़ान का परिचालन किया जाएगा। इससे रात्रिकालीन मेडिकल सुविधा के लिए उपयोग होने वाले एयरबस और अन्य विमानों को बिलासा एयरपोर्ट में उतारा जा सकेगा।

### टीम देगी रिपोर्ट

टीम अपना काम कर चुकी है, सुबह कुछ काम किया जाएगा। इसके बाद टीम वापस रवाना होगी। टीम अपना रिपोर्ट एएआई को देती है। डीजीसीए की टीम अभी नहीं आई है।

**-एनबी सिंह**, डायरेक्टर, बिलासा एयरपोर्ट

---

**ओवरब्रिज में लोगों की जान से खिलवाड़, प्रशासन का ध्यान नहीं**

# तिफरा फ्लाइओवर: गलत ड्राइंग डिजाइन का खामियाजा, हर माह पांच सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा ओवरब्रिज की गलत ड्राइंग डिजाइन का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। महज दो साल में राजीव गांधी चौक पर फ्लाई ओवरब्रिज के ढलान में उतरते समय 13 चार पहिया वाहन डिवाइडर में चढ़कर पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। वहीं फ्लाई ओवरब्रिज के उपर रैलिंग से टकराकर कार सवार एक युवक की मौत भी हो चुकी है। प्रत्येक माह औसतन पांच सड़क हादसे हो रहे हैं। लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है लेकिन प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों का इस तरफ ध्यान नहीं है।

महाराणा प्रताप चौक के पास फ्लाईओवर से रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे सीधे जुड़ा हुआ है। रायपुर की ओर से आने वाले वाहन चालक तेज रफ्तार से आते हैं। फ्लाईओवर से दो सौ मीटर आगे मोड़ है। उसी जगह पर चालक अनियंत्रित होते हैं और विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी से भिड़ जाते हैं। फ्लाईओवर की शुरुआत में कोई संकेतक भी नहीं लगाया गया है। इसके चलते दोनों ओर से आने वाले चालक स्पीड से वाहन चलाते हुए गुजरते हैं। इसके परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटना होती है। फ्लाईओवर में प्रत्येक माह में औसतन पांच दुर्घटनाएं होती हैं। इससे कई लोग घायल भी हो चुके हैं। फ्लाईओवर में सड़क दुर्घटना होती है तो ऐसी स्थिति में अनियंत्रित होकर गाड़ी के फ्लाईओवर से नीचे गिरने का खतरा रहता है। कम स्पीड में वाहन चलाने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों पर गति नियंत्रण को लेकर कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।



### ओवर ब्रिज की ड्राइंग डिजाइन हड़बड़ी में बनी

गौरतलब है कि महाराणा प्रताप चौक में ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से तिफरा ब्रिज बनाया गया था। ब्रिज की चौड़ाई कम होने से ट्रैफिक का दबाव बढ़ता गया। इसके बाद फिर से 103 करोड़ की लागत वर्ष 2022 में राजीव गांधी चौक से तिफरा तक 1620 मीटर लंबे बिलासपुर रायपुर रोड महाराणाप्रताप चौक में तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज बनाया गया था। आनन फानन में बने इस ओवर ब्रिज की ड्राइंग, डिजाइन भी हड़बड़ी में बनाई गई। आड़ा तिरछा और संकरे बने इस ओवरब्रिज में सड़क हादसे का दौर शुरू हो गया है।

### आइलैंड नहीं होने से खा रहे धोखा

यहां राजीव गांधी चौक से आइलैंड को हटा लिया गया है। इससे रास्ता तो चौड़ा हो गया है, लेकिन उसके बाद यहां वाहन चालकों को धोखे का शिकार होना पड़ रहा है। बिना घूमे वाहनों को अचानक मोड़ने और आगे निकलने के चक्कर में वाहन चालक आपस में टकरा जा रहे हैं। इसके साथ ही रायपुर रोड से आते समय चार पहिया वाहन राजीव गांधी चौक ढलान में दिखाई नहीं देने से रैलिंग से टकराकर हादसे का शिकार होने लगे। प्रशासन द्वारा फ्लाई ओवर ब्रिज के चढ़ाव में डिवाइडर बनाया गया। अब तक 13 दुर्घटनाएं हो चुकीं हैं।

### ऐसे हादसे हो चुके

- 8 जनवरी 2024 की रात गीताजंली सिटी फेस 2 निवासी मीडियाकर्मी राहुल त्रिपाठी ( 26 साल) दोस्त के साथ रायपुर रोड स्थित होटल ढाबा से खाना खाकर कार से लौट रहे थे। तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज में उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी। हादसे में राहुल त्रिपाठी की मौत हो गई थी। उसका साथी जितेन्द्र गहवई गंभीर रूप से घायल हो गया था।
- पिकअप चालक दुर्गेश केंवट दोपहर किसी काम के सिलसिले में तिफरा की ओर जा रहा था। वाहन के पीछे खुले हिस्से में मणिराज तिवारी और लक्ष्मण निर्मलकर सवार थे। तेज रफ्तार पिकअप ढलान में पहुंचने के बाद और तेज हो गई। इससे चालक दुर्गेश वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और सीधे फ्लाईओवर में लगे बिजली के खंभे से जा टकराए।
- जूना बिलासपुर में रहने वाले फिरोज खान, चंदन सिंह, मनोज सिंह और अय्यूब खान तेरहवीं में शामिल होने गए थे। सभी फारच्यूनर में सवार होकर तिफरा की ओर से शहर लौट रहे थे। उनकी कार तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज पहुंची थी। उसी समय तेज रफ्तार कार सामने आ गई और दोनों कार में टक्कर हो गई थी।

### डिवाइडर की लंबाई बढ़ाई गई है

डिवाइडर की लंबाई कम होने व ब्रिज की चौड़ाई कम होने से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी। डिवाइडर की लंबाई बढ़ाने के साथ ही वर्तमान में बेरिकेट लगाकर डिवाइडर की लंबाई बढ़ाई गई है और उसमें रेडियम लगाया गया है। ताकि दूर से लोगों को डिवाइडर दिखाई दे।

**- रामगोपाल करियारे**
एडीशनल एसपी, ट्रैफिक

---

**इंस्टाग्राम से की दोस्ती**

# महिला से अनाचार कर फोटो वायरल करने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंस्टाग्राम में डायवर्सी महिला से दोस्ती किया। इसके बाद तीन बच्चों को अपनाते हुए शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। यही नहीं फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



- ब्लैकमेलिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला पति से तलाक लेने के बाद तीन बच्चों के साथ रह रही है। इंस्टाग्राम में उनकी अकलतरा अमोरा निवासी राहुल करकेल ने उनसे दोस्ती की। उसके बाद दोनों आपस में बातचीत करने लगे। राहुल करकेल ने महिला व उसके तीन बच्चों को अपनाते हुए शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। इस दौरान उसने महिला की अश्लील फोटो रख लिया।

सोशल मीडिया में फोटो वायरल करने की धमकी देकर 20 हजार रुपए ले लिया और शारीरिक संबंध बनाने लगा। बाद में महिला को पता चला कि राहुल करकेल पहले से शादीशुदा है और उसने प्रेम विवाह किया हुआ है।

पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपी राहुल करकेल को गिरफ्तार कर लिया है।

## रास्ता रोककर नाबालिग से छेड़खानी, युवक गिरफ्तार



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग की एक शादी कार्यक्रम में मस्तूरी किरारी निवासी अभय सिंह ठाकुर से जान पहचान हुई थी। उसके बाद दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। इसी दौरान अभय सिंह शादी करने की बात करने लगा। नाबालिग ने मना कर दिया। जिससे युवक नाबालिग से चाकू से मार देने की धमकी देने लगा। रविवार को नाबालिग स्मृति वाटिका घूमने गई थी। इसी दौरान युवक ने रास्ता रोककर गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देते हुए छेड़खानी करने लगा। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

# हवालात में कटी घूसखोर नायब तहसीलदार की रात

### एसीबी विशेष कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिकार्ड में नाम चढ़ाने के एवज में ग्रामीण से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए नायब तहसीलदार को तारबाहर थाने में रखा गया था। रात भर हवालात में रखने के बाद दूसरे दिन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



30 अक्टूबर को सीपत बिटकुला निवासी प्रवीण पाटनवार ने शिकायत की। उनकी मां का देहांत हो गया है और उनके नाम पर गांव में 21 एकड़ जमीन है। जिसमें फौती दर्ज कर जमीन के रिकार्ड में उसका और अन्य भाई बहन का नाम दर्ज करने के लिए वह सीपत नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे से मिले थे।। नायब तहसीलदारी कुर्रे द्वारा उक्त कार्य के एवज में उन्सें 1 लाख 50 हजार रिश्वत की मांग की गई। सत्यापन में नायब तहसीलदार के द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपए में लेने सहमति दी गई। 10 नवंबर को एसीबी टीम ने एनटीपीसी काफी हाउस में पीड़ित पाटनवार से रिश्वत की पहली किश्त 50 हजार रुपए लेते नायब तहसीलदार कुर्रे को पकड़ लिया गया था।

टीम ने उसे गिरफ्तार कर तारबाहर थाने में रखा था। रात भर हवालात में रहने के बाद एसीबी टीम ने मंगलवार को नायब तहसीलदार कुर्रे को एसीबी विशेष कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### एसईसीआर से चलने वाली चार ट्रेनें कैंसिल

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण का काम किया जाएगा। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली चार ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। ये गाड़ियां 13 से 23 नवंबर तक अलग-अलग दिनों में रद्द रहेगी। इससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि बिलासपुर रेल जोन के साथ ही देश भर के अलग-अलग जोन में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम चल रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल में भी काम चल रहा है, जिसे तेजी से पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। यह काम 13 से 23 नवंबर तक होगा। इसमें 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 22 एवं 23 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी के साथ 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 एवं 21 नवंबर को शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12, 13 एवं 19 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# खतरनाक यू टर्न में ट्रक ने तीन सवारी बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खतरनाक यू टर्न में ट्रक चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तीन सवारी बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

- कोटा फौजी ढाबा के पास हुआ हादसा

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया कि मंगलवार को लोरमी लालपुरकला निवासी तीनजूगी कश्यप पिता अर्जूनलाल कश्यप 38 साल कोटा ढाल बछाली निवासी भूमि बाई, मनीषा खुसरों को बाइक क्रमांक सीजी 28 डब्ल्यू, 2017 में बैठाकर पिपरपारा जा रहे थे। दोपहर 2.30 बजे कोटा फौजी ढाबा के पास खतरनाक यू टर्न में सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 12 एक्यू, 1604 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और तीनों घायलों को इलाज के लिए कोटा अस्पताल भेजा गया और ट्रक व ड्राइवर को थाने भेजा गया।

कोटा अस्पताल में डाक्टर ने परिक्षण के बाद तीनजूगी कश्यप को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल भूमि बाई, मनीषा खुसरों को सिम्स भेजा गया। सिम्स में डाक्टर ने परिक्षण के बाद भूमि बाई को मृत घोषित कर दिया है। वहीं मनीषा खुसरों को इलाज चल रहा है।

### जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 133 पदों पर भर्ती, आवेदन 25 तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 133 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। 25 नवंबर तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। अगले साल 4 जनवरी को परीक्षा होगी। इसके लिए रायपुर व बिलासपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गई है। इसके अलावा आवेदकों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष का कंप्यूटर डिप्लोमा, आईटीआई या समकक्ष प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। इधर, जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 124 और जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट (कंप्यूटर) के 9 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयन की प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में व्यापमं से लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह 100 अंकों की होगी। इसमें सफल होने वाले उम्मीदवारों को दूसरे चरण के लिए बुलाया जाएगा। इस राउंड में स्किल टेस्ट होगा। भर्ती को लेकर विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# डेढ़ क्विंटल कबाड़ सहित पिकअप जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने बिक्री करने कबाड़ लेकर जा रहे पिकअप सहित ड्राइवर को पकड़ लिया। गाड़ी से डेढ़ क्विंटल कबाड़ बरामद किया गया है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।



कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग को सूचना मिली बिक्री करने के लिए पिकअप में कबाड़ भरकर ले जा रहा है। उन्होने घेराबंदी कर पिकअप क्रमांक सीजी 10 सी, 5074 को रोककर तलाशी। गाड़ी में डेढ़ क्विंटल पुराने स्टील के बर्तन, कढ़ाई एवं अन्य कबाड के सामन मिले। ड्राइवर सामान का दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 35, 3, 33, 2 के तहत कबाड़ सहित गाड़ी जब्त कर ड्राइवर कोटा खुरदूर निवासी भरत वैष्णव पिता नर्मदा वैष्णव 24 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
यात्रा दिनांक 05 दिसंबर 2025 15 जनवरी 2026 11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-27,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)